8- MAY- BSP- P-1_Layout 1 5/8/2025 7:12 AM Page 1

तापमान

अधिकतम 39.3 डिग्री

न्यूनतम 25.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 9 मई 2025



गर्मी तेज होते ही देशी फ्रिज की मांग बढ़ी।



### मुआवजे का झांसा देकर वकील कामता साहू ने दिलाया झूठा बयान

# आत्महत्या को बता दिया सर्पदंश से मौत, मुआवजा लेने बनाई गई झूठी रिपोर्ट, डॉक्टर, वकील समेत पांच पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सर्पदंश से मौत की फर्जी पीएम रिपोर्ट बनाकर मुआवजा लेने का बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। मामला बिल्हा क्षेत्र का है। पुलिस ने वकील, डॉक्टर और मृतक के परिजनों समेत 5 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि शिवकुमार घृतलहरे उम्र 36 वर्ष ने कर्ज से परेशान होकर जहर खा लिया था। परिजन और वकील ने मौत को सर्पदंश का मामला बनाने की कोशिश की थी। पूरी साजिश शासकीय मुआवजा राशि 4 लाख रूपए के लिए रची गई। मामले का मास्टरमाइंड वकील कामता साहू निकला है। वहीं मामले में सिम्स की डॉक्टर प्रियंका सोनी पर फर्जी पोस्टमार्टम रिपोर्ट देने का आरोप है। पुलिस धारा 420, 120बी समेत गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी गई है। मामले के अनुसार पोड़ी गांव निवासी शिवकुमार घृतलहरे पिता परागदास उम्र 36 वर्ष को 12 नवंबर 2023 को उल्टी व मुंह से झाग आने की शिकायत पर बिल्हा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां डाक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद युवक को सिम्स रिफर कर दिया। 14 नवंबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पीएम से पहले पंचनामा व पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बाएं पैर की उंगली में सांप काटने की बात कही थी। इसी आधार पर पीएम कर्ता डाक्टर द्वारा शिवकुमार की मौत को संर्पदंश का मामला बनाने का काम किया।

**कर्ज से परेशान होकर युवक ने खाया था जहर**

इस पर बकायदा झूठी पीएम रिपोर्ट भी तैयार की गई। खास बात यह है कि पंचनामा करने वाले पुलिस अधिकारी ने शव निरीक्षण के दौरान पैर में सांप काटने का निशान नहीं पाया। इसके बाद अधिकारी ने सिम्स में इलाज कर रहे डाक्टर से जानकारी ली, जिसमें उसकी मृतक की मौत शराब एवं जहर पीने से होने की बात सामने आई और संर्पदंश से मौत होने का खंडन कर दिया। एक ही मौत पर दो अभिमत मिलने के बाद पुलिस का माथा ठनका। इसके बाद परिजनों से कड़ी पूछताछ की गई। मामला सामने आया कि वकील कामता प्रसाद साहू ने मुआवजे का लालच देकर परिजनों से झूठा बयान दिलाया था। मामले में एसएसपी ने गहन जांच के निर्देश दिए। जांच में पता चला कि मृतक कर्ज में था और शराब का आदी हो चुका था। पूरा मामला शासन द्वारा सर्पदंश के मामले में मिलने वाले मुआवजा को लेकर झूठा प्रकरण बनाने की बात सामने आ चुकी है।



सर्पदंश के फर्जी मामले की जानकारी देते एसएसपी रजनेश सिंह।




हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### कमिश्नर ने दिया है जांच का आदेश रैकट का खुलासा होना बाकी

विधान सभा में उठे प्रश्न के जवाब में यह बात सामने आ चुकी है कि 431 लोगों की मौत के बाद 17 करोड़ से अधिक का मुआवजा महज बिलासपुर जिले में बांटा गया है। इस संबंध में कमिश्नर ने टीम तैयार कर जांच के आदेश दिए हैं। सिम्स के डाक्टर, वकील और राजस्व विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर जांच की जानी है। संदेह के दायरे में सिम्स के कई डाक्टर पर तलवार लटक रही है। बताया जा रहा है कि कार्यरत डॉ. एसएन गोले, डॉ. राजकुमार मरकाम, डॉ. संजय बंजारे की संलिप्ता की जांच की जाएगी। वहीं अवैध तरीके से सिम्स में दलाली करने वाले शक्ति बघेल व सिम्स चौकी प्रभारी एम के सोनवानी के बीच सांठगांठ की जांच टीम द्वारा की जानी है। वहीं तत्कालीन डीन केके सहारे, डॉ. एसके नायक, डॉ. रश्मि गुप्ता, डॉ. रविकांत दास द्वारा पीएम करने वाले डाक्टर को किए गए सहयोग के विषय की जांच की जाएगी।

### विस में मामला उठा, फिर मंत्री ने कहा दोषियों पर होगी कार्रवाई

सर्पदंश का मामला बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने विधानसभा में उठाया था। सर्पदंश से होने वाली मौतों पर मुआवजे के नाम पर अधिकारियों ने करोड़ों रुपए के घोटाले को अंजाम दिया है। बिलासपुर को नागलोक का दर्जा मिलने की बात कही गई थी और 3 साल में 431 लोगों की मौत होने की बात सामने आई। बुधवार को बिलासपुर प्रवास के दौरान राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मामले में जांच जारी है, तथ्यों को खंगाला जा रहा है, इस दौरान जो भी आरोपी ऐसे किसी भी मामले में दोषी ठहराए जाते हैं, उनपर कार्रवाई निश्चित होगी, किसी भी आरोपी को छोड़ा नहीं जाएगा।

### इन लोगों के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

पुलिस ने मामले में वकील कामता प्रसाद साहू, सिम्स की डॉक्टर प्रियंका सोनी, मृतक के पिता परागदास घृतलहरे, पत्नी नीता घृतलहरे, और भाई हेमंत घृतलहरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सभी के विरुद्ध धारा 420, 511, 120(बी) भादवि के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### जुर्म दर्ज कर लिया गया

मामला सामने आने के बाद पुलिस अधिकारियों ने जांच शुरू की थी, इसमें कई तथ्यों को खंगाला गया है, रिपोर्ट देखी गई है, जिसमें स्पष्ट तौर पर आरोपियों की मिलीभगत सामने आ चुकी है। जुर्म दर्ज कर लिया गया है। इसी तरह के अन्य मामले भी सामने आ सकते है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता है।

-**रजनेश सिंह**, एसएसपी, बिलासपुर

### डॉ. प्रियंका छोड़ चुकी है सिम्स

मामले में झूठी पीएम रिपोर्ट देने का मामला भी सामने आया है और इसी के आधार पर ही सर्पदंश के मामले में मुआवजा दिया जाता है। झूठी पीएम रिपोर्ट देने वाली डॉ. प्रियंका सोनी साल 2023 में सिम्स में कार्यरत थीं और वह संविदा पर थीं। दिसंबर 2023 में सिम्स को छोड़कर जा चुकी है। सिम्स के डीन रमणेश मूर्ति ने बताया कि डॉ. प्रियंका वर्तमान में सिम्स में कार्यरत नहीं है। उन्हें छोड़े दो साल हो चुके है। उन्होंने कहा कि डॉ. प्रियंका के संबंध में कोई जानकारी उन्हें नहीं है।

### वकील के कहने पर दिया था झूठा बयान

मामले में शक के आधार पर पुलिस जांच में बड़ा खुलासा हुआ। इलाज करने वाली डॉक्टर ने अपनी रिपोर्ट में मृतक की मृत्यु शराब और जहरीला पदार्थ सेवन करने से बताया था।। शव परीक्षण करने वाले पुलिस अधिकारी को भी मृतक के पैर में कोई सर्पदंश का निशान नहीं मिला। मामले की जांच के दौरान पता चला कि मृतक के परिजन वकील कामता प्रसाद साहू के कहने पर झूठा बयान देकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट को प्रभावित करने की साजिश कर रहे थे।

### वकील ने मुआवजे का लगाया है प्रकरण

मामला साल 2023 का है, पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद वकील कामता प्रसाद साहू ने बिल्हा तहसील में मुआवजा प्रकरण के लिए आवेदन लगाया है। दरअसल इस तरह के मामले में परिजनों को शासन द्वारा 4 लाख रूपए देने का प्रावधान है, लेकिन कामता प्रसाद साहू ने मतृक के परिजनों को 3 लाख देने की बात कही थी, जाहिर है कि 1 लाख रूपए वह स्वयं ही दबाने के चक्कर में था।

# नए स्टेशन का काम ठप, मशीन के साथ मजदूर भी हो गए गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीबीआई की रिश्वत कांड मामले में जांच के बाद रेलवे के मुख्य अभियंता के साथ झांझरिया निर्माण कंपनी लिमिटेड के एमडी की गिरफ्तारी की गई है, जिसके बाद बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन को 392 करोड़ रुपए की लागत से एयरपोर्ट की तरह बनाने का काम भी बंद हो गया है। जिस स्थान पर कुछ दिन पहले जोर शोर से काम हो रहा था, वह स्थान वर्तमान में पूरी तरह से सुनसान हो गया है, जहां काम करने वाले मजदूर और मशीन भी दूर-दूर तक अब दिखाई देनी बंद हो गई है।

- **सीबीआई की गिरफ्त में ठेकेदार**

अमृत भारत योजना के तहत बिलासपुर डिवीजन में बिलासपुर सहित करीब 16 स्टेशनों में पुनर्विकास कार्य शुरू कर दिया गया है। इन स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक, सुरक्षित और स्तरीय बनाया जा रहा है। बिलासपुर स्टेशन को डेवलप करने के लिए रेलवे बोर्ड ने 392 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी है। जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर को एयरपोर्ट की तरह बनाने के लिए मैकेनिकल, आपरेटिंग, कंस्ट्रक्शन, कामर्शियल सहित अन्य विभागों के अफसरों ने सर्वे पूरा करने के बाद टेंडर भी जारी कर 392 करोड़ रुपए ठेका बिलासपुर के जगमल चौक स्थित झांझरिया निर्माण कंपनी लिमिटेड को दिया था।

यह कंपनी स्टेशन डेवलपमेंट के साथ रेल लाइन बिछाने, बिल्डिंग निर्माण, रोड ओवरब्रिज और रोड अंडरब्रिज सहित रेलवे के दूसरे काम भी कर रही है। कुछ दिन पहले सीबीआई की टीम ने रेलवे के मुख्य अभियंता विशाल आनंद को झांझरिया निर्माण कंपनी लिमिटेड से 32 लाख रुपए के रिश्वत मामले में गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद झांझरिया कंपनी के एमडी सुशील झांझरिया, विशाल आनंद का भाई कुणाल आनंद और झांझरिया कंपनी का कर्मचारी मनोज पाठक के खिलाफ भी गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई। सीबीआई की कार्रवाई के बाद बिलासपुर स्टेशन के गेट नम्बर तीन से लेकर जनआहार तक जेसीबी से खोदाई और अन्य कार्य किया जा रहा था, वही काम पूरी तरह से बंद होने के कारण स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य में विलंब का कारण बनने लगा है।



निर्माण कार्य रूकने के कारण सूना पड़ा रेलवे स्टेशन।

### किया जाना है काम

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में 392 करोड़ रुपए की लागत से एयरपोर्ट की तरह बनाने का काम किया जा रहा है, ताकि आगामी दिनों में स्टेशन एक अलग लुक में यात्रियों को नजर आए। इसके तहत सिटी साइड के फ्रंट एरिया यानि नार्थ ईस्ट साइड में आने जाने के लिए स्टेशन बिल्डिंग में गेट नम्बर 3 और 2 पोर्च एरिया के साथ मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब में पब्लिक व्हीकल पार्किंग जोन, ड्राप पाइंट एंड पिकअप जोन, पेडिस्ट्रेशन प्लाजा, पार्सल एंड आरएमएस बिल्डिंग, रिजवर्ड लॉज बिल्डिंग, पब्लिक टायलेट फेसिलिटी, रोड, लैंड स्केपिकंग एंड सरफेस पार्किंग, अतिरिक्त डिजाइन व अन्य कार्य शामिल हैं।

### स्टेशन हो गया सुनसान

सीबीआई की जांच के बाद रेलवे के जोन मुख्यालय और बिलासपुर डिवीजन कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। अब अधिकारी भी संभल संभलकर काम करने लगे हैं। कर्मचारियों के अनुसार मुख्य अभियंता विशाल आनंद के बाद अब रेलवे के बड़े अफसरों पर भी कार्रवाई की गाज गिर सकती है। रेलवे की ओर से सीबीआई की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, ताकि वह आगे की कार्रवाई कर सके। फिलहाल सीबीआई की जांच में मुख्य अभियंता और झांझरिया निर्माण कंपनी लिमिटेड के एमडी की गिरफ्तारी होने के बाद बिलासपुर स्टेशन के बाहर जोर शोर से चल रहा काम पूरी तरह से थमने के साथ ही स्टेशन का एरिया भी सुनसान हो गया है।

### शाम को चलने लगी तेज हवा, मंडराने लगे बादल

# सूरज की चमक ने बढ़ाया तापमान शाम होते ही बदला मौसम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चक्रवाती हवाओं के कमजोर पड़ने के बाद धीरे-धीरे तापमान बढ़ने लगा है, बुधवार की अपेक्षा गुरूवार को तापमान में 3 डिग्री का इजाफा हो चुका है। इस दौरान सूरज अपने शबाब में रहा और तीखी किरणों के चलते गर्मी और उमस का दौरा जारी रहा, लेकिन शाम होते-होते अचानक आसमान पर बादल छाने लगे और तेज हवा चलने लगी। जिसके बाद मौसम का मिजाज बदलने लगा। बताया जा रहा है कि इस दौरान तापमान 40 डिग्री के के करीब रहा।

गुरूवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा और तेज धूप निकली, सूरज की मौजूदगी की वजह से तापमान भी बढ़ने लगा, दोपहर 12 बजे के बाद सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया। इस दौरान लोग बहुत जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकले। वहीं इस दौरान सनबर्न का अंदेशा होने के कारण लोगों को गमछें, चश्में की जरूर पड़ी। खास बात यह है कि इस दौरान न्यूनतम तापमान भी बढ़ने लगा है, और पिछले 4 से 5 दिनों के बीच न्यूनतम तापमान भी 21 से बढ़कर 25 डिग्री पर पहुंच चुका है, ऐसे में रात के समय भी बिना कूलर और एसी के चैन नहीं मिल रहा है। गुरूवार को जिले का तापमान 39.3 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम जानकारों के मुताबिक चक्रवाती हवाओं का प्रभाव दक्षिण क्षेत्र में देखा जा रहा है, ऐसे में प्रदेश के 12 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है, इस दौरान अंधड़ चलने और गरज चमक के साथ बारिश होने का अंदेशा बना हुआ है।



### यूजीसी का निर्णय अंतिम रूप से मान्य, कालेज प्रबंधन को ऑटोनामस मामले में मिली राहत

# डीपी कालेज के ऑटोनामस दर्जा मामले में हाईकोर्ट ने विवि की आपत्ति की खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डीपी विप्र कालेज को ऑटोनामस का दर्जा प्रदान किए जाने के मामले में हाईकोर्ट से कालेज के पक्ष में फैसला आया है और कालेज प्रबंधन को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा ऑटोनामस को लेकर जो आपत्ति लगाई गई थी, उसे खारिज कर दिया है और यूजीसी के ऑटोनामस प्रदान किए जाने संबंधी निर्णय को अंतिम रूप से मान्य किया है।

डीपी विप्र कालेज को यूजीसी द्वारा ऑटोनामस का दर्जा प्रदान किए जाने के बाद अटल यूनिवर्सिटी द्वारा एनओसी नहीं देने और अधिसूचना जारी नहीं करने से ऑटोनामस का मामला विवादों में पड़ गया था। यूजीसी से ऑटोनामस घोषित किए जाने के बाद यूनिवर्सिटी द्वारा आपत्ति लगाए जाने पर डीपी कालेज प्रबंधन हाईकोर्ट में मामला ले गया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यूजीसी, यूनिवर्सिटी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। इस मामले में अंतिम सुनवाई 16 अप्रैल को हुई थी उसके बाद कोर्ट ने मामला सुरक्षित रखा था। गुरूवार को हाईकोर्ट के जस्टिस अमितेन्द्र किशोर प्रसाद ने मामले में फैसला देते हुए अटल यूनिवर्सिटी द्वारा ऑटोनामस के दर्जा में बाधा डालने के प्रयासों को अवैधानिक मानते हुए यूजीसी के निर्णय को अंतिम रूप से मान्य बताया, साथ ही यूनिवर्सिटी की आपत्तियों को अवैधानिक मानते हुए खारिज कर दिया है।



### कालेज ने ली थी स्वयं से परीक्षा

यूजीसी से ऑटोनामस का दर्जा मिलने के बाद कालेज प्रबंधन ने कालेज को ऑटोनामस घोषित कर दिया और एग्जाम भी कंडक्ट कराना शुरू कर दिया था। डीपी विप्र कालेज परीक्षा के लिए अपने यहां स्वयं प्रश्न पत्र तैयार करवा रही है और फर्स्ट ईयर वाले स्टूडेंटस का सेमेस्टर एग्जाम भी कालेज द्वारा कंडक्ट कराया गया था। डीपी विप्र कालेज में छात्र-छात्राएं यूजी-पीजी के विभिन्न कोर्सेस की पढ़ाई कर रहे हैं, जिनको ऑटोनामस विवाद को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। यहां तक छात्र संगठनों द्वारा भी ऑटोनामस मामले को लेकर कालेज प्रबंधन का घेराव किया गया था।

### यूजीसी ने दी है मान्यता

डीपी विप्र कालेज की ओर से ऑटोनामस कालेज के लिए यूजीसी में आवेदन दिया गया था। इस पर यूजीसी ने पत्र जारी कर अटल यूनिवर्सिटी से एनओसी मांगा था, किन्तु यूनिवर्सिटी ने एनओसी जारी नहीं की। इसके पश्चात यूजीसी ने डीपी विप्र कालेज को जनवरी 2024 में 10 साल के लिए ऑटोनामस का दर्जा दे दिया। इसी ऑटोनामस के मामले को लेकर यूनिवर्सिटी और कालेज के बीच करीब सालभर से विवाद चल रहा है। कालेज प्रबंधन का मानना है कि यूजीसी ने उन्हें ऑटोनामस का दर्जा दे दिया तो उसे यूनिवर्सिटी नहीं रोक सकती है। इसलिए कालेज ने स्वयं को ऑटोनामस घोषित कर दिया है और कालेज में अलग से परीक्षा विभाग का गठन भी कर लिया है।

### यूनिवर्सिटी ने गिनाई थी खामियां

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा डीपी विप्र कालेज को ऑटोनामस के लिए एनओसी नहीं दिए जाने के पीछे खामियां गिनाई थी। यूनिवर्सिटी के अनुसार कालेज में शिक्षकों की कमी तथा नियमित प्राचार्य नहीं होने सहित अन्य कमियां है। यूनिवर्सिटी के कार्यपरिषद में इस संबंध में मुद्दा भी उठा था। यूनिवर्सिटी ने यूजीसी को पत्र लिखकर एक कमेटी बनाकर डीपी कालेज का निरीक्षण कराने की मांग की थी। इसलिए खामियों का हवाला देते हुए यूनिवर्सिटी ने कालेज को ऑटोनामस के लिए एनओसी नहीं दिया था।

### कालेज स्वायत्त समिति अध्यक्ष ने कुलपति से मांगा इस्तीफा

हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद डीपी विप्र कालेज स्वायतत्ता समिति के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति एडीएन बाजपेयी द्वारा यूजीसी द्वारा कालेज को दिए गए ऑटोनामस कालेज के दर्जे में बाधा डालने के प्रयासों को अवैधानिक बताते हुए यूजीसी के निर्णय को अंतिम रूप से मान्य किया है और यूनिवर्सिटी की आपत्तियों को अवैधानिक मानते हुए निरस्त कर दिया है। श्री अग्रवाल ने इसे छत्तीसगढ़ के छात्र, नागरिकों और शिक्षा की विजय बताते हुए कहा कि प्रारंभ से कुलपति श्री बाजपेयी क्षुद्र स्वार्थवश ही क्षेत्र के छात्रों और शिक्षा की प्रगति में अनावश्यक रोड़ा अटका रहे थे। उन्होंने कहा कि निजी स्वार्थ के लिए कुलपति ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए यूनिवर्सिटी का लगभग 20 लाख रुपयों का अनावश्यक व्यय और कीमती समय बर्बाद किया है जिसकी भरपाई उनसे व्यक्तिगत रूप से की जानी चाहिए। श्री अग्रवाल ने कुलपति श्री बाजपेयी से यूनिवर्सिटी की छवि गिराने के लिए त्यागपत्र की भी मांग की है और त्यागपत्र न देने पर छत्तीसगढ़ शासन से उन्हें धारा 52 अंतर्गत हटाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### राशन दुकानों में लगेंगी हाईटेक ई-पॉश मशीनें

**बिलासपुर।** पीडीएस अंतर्गत राशन दुकानों में जल्द ही 4-जी ई-पॉश मशीनें लगाई जाएंगी। नई मशीन तेज होगी, जिससे राशन लेने दुकानों पर पहुंचे कार्डधारियों अपनी बारी के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अब तक राशन दुकानों में पुराने और 2 जी आधारित ई-पॉश मशीनों से राशन वितरित किया जा रहा था। इसकी धीमी रफ्तार के कारण राशन वितरकों और उपभोक्ताओं दोनों को परेशानी उठानी पड़ती थी। प्रयोग के तौर पर शहर की कुछ दुकानों में नई मशीनें लगाई जा चुकीं हैं, वहीं शेष सभी दुकानों में इसी महीने में मशीनें लग जाने की उम्मीद है। वर्तमान में दुकानों में 2जी आधारित 1ई-पॉश मशीनों से राशन वितरित किया जा रहा है, लेकिन उसकी धीमी रफ्तार और तकनीकी खामियों के कारण संचालकों और उपभोक्ताओं दोनों को अधिक समय लगने के कारण परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रभारी फूड कंट्रोलर अनुराग भदौरिया ने बताया कि सरकार की नई गाईड लाईन के अनुसार राशन दुकानों में नई ई-पॉश मशीनें लगाई जानी हैं। इसके अंतर्गत कुछ राशन दुकानों में नई मशीनों से प्रयोग के तौर पर राशन वितरित किए भी जा रहे हैं। नान द्वारा जल्द ही सभी राशन दुकानों में नई मशीनें लगा दी जाएंगी।

### फन फेयर डिज्नीलैण्ड मेला आज से

**बिलासपुर।** बिलासपुर साइंस कालेज मैदान में फन फेयर डिज्नीलैण्ड मेला का आयोजन शुक्रवार से प्रारंभ हो रहा है। मेले में छोटे-बड़े सभी वर्गों के मनोरंजन का ध्यान रखा गया है। जहां जलपरी, रोबोटिक एनिमल्स, भूत बंगला, मौत का कुआं, जायंट व्हील, फ्रीज्बी, ड्रैगन ट्रेन, हेलीकाप्टर सहित खाने-पीने और खरीदने सामान उपलब्ध रहेंगा। मेले का शुभारंभ बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में होगा। विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी व अध्यक्षता एमआईसी सदस्य रेखा ओमप्रकाश पाण्डेय, रुपाली अनिल गुप्ता, डॉ. तिलकराम साहू व जोन अध्यक्ष रेखा सूर्यवंशी करेंगी। मेला का आयोजन प्रतिदिन शाम 5 से रात 10 बजे तक किया जाएगा।

### अवैध पार्किंग ने बढ़ाई परेशानी, लग रहा है जाम



**बिलासपुर।** शहर में अवैध पार्किंग से परेशानी बढ़ रही है। समझाइश व चलानी कार्रवाई करने के बाद भी लोग बेतरतीब वाहन खड़ी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। हर रोज दिन में कई बार लोग इस समस्या से जूझ रहे हैं। शहर में आए दिन बाजार में हालात बिगड़ने लगे हैं। बार-बार जाम की समस्या से लोग परेशान हैं। बाजार में फिर से बेतरतीब वाहन खड़े होने और चार पहिया वाहनों के बाजार में आने से जाम की स्थिति निर्मित होने लगी है। दुकानों के बाहर दुकानदार सामान रख देते हैं। कई बार पुलिस ने समझाईश भी दी, लेकिन कुछ नहीं हो सका।

### भाजपा ने जारी की मंडल पदाधिकारियों की सूची

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने मंडल पदाधिकारियों सहित कार्यसमिति सदस्यों की सूची जारी करना शुरू कर दिया है। बिलासपुर विधानसभा अंतर्गत 6 भाजपा मंडल व तखतपुर विधानसभा अंतर्गत 5 मंडल के पदाधिकारियों, कार्यसमिति सदस्यों की सूची मंडल अध्यक्षों द्वारा जारी की गई है। भाजपा जिला कोर ग्रुप के निर्णयानुसार भाजपा बिलासपुर शहर जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर की सहमति से भाजपा काठाकोनी मंडल अध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर ने भाजपा काठाकोनी मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा की है।


आज से भव्य शुभारंभ
मनोरंजन के इतिहास में पहली बार
सबसे बड़ा एम्यूज़मेंट पार्क
बिलासपुर के साइंस कॉलेज मैदान, सरकंडा में
श्रीराम मंदिर के भव्य और आलौकिक प्रतिकृति के साथ...
फन फेयर डिज्नीलैंड मेला
रोबोटिक एनिमल्स के साथ
खाना, खरीदी और मनोरंजन-एक साथ
मुख्य अतिथि
श्री सुशांत शुक्ला जी
(विधायक बेलतरा)
विशिष्ट अतिथि
श्रीमती पूजा विधानी जी
(महापौर नगर निगम बिलासपुर)
विशिष्ट अतिथि
श्री राजेश सूर्यवंशी जी
(जिला पंचायत अध्यक्ष)
अध्यक्षता
श्रीमती रेखा ओमप्रकाश पाण्डेय जी
(MIC सदस्य)
श्रीमती रुपाली अनिल गुप्ता जी
(MIC सदस्य)
डॉ तिलकराम साहू जी
(MIC सदस्य)
श्रीमती रेखा सूर्यवंशी जी
(जोन अध्यक्ष)
छोटे - बड़े सभी लोगों के लिये आकर्षण
जलपरी • रोबोटिक एनिमल्स • भूत बंगला • मौत का कुआँ
जायंट व्हील • फ्रीज्बी • ड्रैगन ट्रेन • टोरा-टोरा • हेलीकॉप्टर
चाँद-तारा • मिकी माऊस • मिनी ट्रेन व अन्य कई आकर्षण
रोज़ाना - 5.00 बजे से, रात- 10.00 बजे तक
रोबोटिक एनिमल
जलपरी
फ्रीज्बी
जायंट व्हील
गर्मी की छुट्टियों का मज़ा लेने आज ही सपरिवार आयें...
साइंस कॉलेज मैदान
सरकंडा, बिलासपुर
J.J. Ad

8- MAY- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 5/8/2025 7:14 AM Page 1


# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 9 मई 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




# मोहिनी एकादशी पर निकाली गई निशान यात्रा




घोंघा बाबा मंदिर परिसर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में वैशाख शुक्ल पक्ष की मोहिनी एकादशी बड़े धूमधाम से मनाई गई। एकादशी के उपलक्ष्य में बाजे-गाजे के साथ निशान यात्रा निकाली गई। इसमें भक्त हाथ में निशान लिए चल रहे थे। बेंगलूरु के 120 किलो गुलाब से भगवान श्याम का श्रृंगार किया गया।

*बिलासपुर। प्रातः मंगला आरती के बाद बाबा श्याम भगवान का फूलों से भव्य अलौकिक श्रृंगार किया गया। इसके बाद श्री राम मंदिर तिलक नगर से विशाल निशान यात्रा निकाली गई जो कि देवकीनंदन चौक, सिम्स चौक, सदर बाजार, गोल बाजार होते हुए मंदिर में आकर पूर्ण हुई। भक्तों ने कड़ी धूप के बाद भी बिना चप्पल जूतों के अपने आराध्य को निशान अर्पित किया। गर्मी को देखते हुए मंदिर परिसर अध्यक्ष मंगतराय अग्रवाल ने भक्तों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था करवाई थी।*

## बेंगलूरु के 120 किलो गुलाब से भगवान श्याम का हुआ श्रृंगार



### भजन उत्सव में झूमें भक्त

संध्या महाआरती के बाद प्रभु का भजन उत्सव मनाया गया। जिसमें भक्तों ने गाकर, झूमकर अपने प्रभु को मनाया। रात्रि आरती प्रसाद वितरण के साथ ही आयोजन का विश्राम हुआ। भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति से माहौल धार्मिकमय बना रहा।

### नष्ट हो जाते हैं मोह बंधन

इस एकादशी के उपवास से मोह के बंधन नष्ट हो जाते हैं, इसलिए इसे मोहिनी एकादशी कहते हैं। भावनाओं और मोह से मुक्ति की इच्छा रखने वालों के लिए वैशाख की एकादशी विशेष महत्वपूर्ण है। मोहिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु के राम स्वरूप की उपासना की जाती है। माना जाता है कि यह तिथि सब पापों को हरने वाली और उत्तम है। इस दिन जो व्रत रखता है, उसके व्रत के प्रभाव से मनुष्य मोहजाल से छूटकारा पा जाता है।

शिविर

## विश्व रेड क्रास दिवस पर शिविर में 35 लोगों ने किया रक्तदान




**बिलासपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 35 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रास सोसाइटी संजय अग्रवाल रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करने उपस्थित रहे। रक्तदान में जिला चिकित्सालय, एकता ब्लड बैंक एवं सिम्स की टीम उपस्थित रही। रक्तदान कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. बी. एल. गोयल, नोडल अधिकारी डॉ. एम. ए. जीवनी, कोषाध्यक्ष अमरजीत दुआ, जिला समन्वयक सौरभ सक्सेना, प्रभारी रेड क्रॉस मेडिकल शॉप आदित्य पांडे, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, मनीष मिश्रा, सुशील राजपूत, गीतेश्वरी चंद्र, ममता लहरे आदि उपस्थित थे।

प्रशिक्षण

## आदिवासी बहुल क्षेत्र के बच्चों को कराया जा रहा नि :शुल्क अध्यापन



**बिलासपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर तिलकनगर में इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ राज्य के आदिवासी बहुल क्षेत्र से आए छात्र-छात्राओं का विशेष शिक्षण वर्ग चल रहा है। इसमें कक्षा 10 वीं, 12 वीं के बच्चों को विज्ञान, गणित, इंग्लिश का निःशुल्क अध्यापन कराया जा रहा है।

**सशिमं तिलकनगर में चल रहा शिक्षण वर्ग**

स्कूल के पूर्व आचार्य इंग्लिश लैंग्वेज ट्रेनर संस्कार श्रीवास्तव बच्चों में इंग्लिश ग्रामर के प्रति रुचि जागृत कर रहे हैं। उन्होंने बेसिक ग्रामर से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि आज के व्यवसायिक समय में किसी भी निजी संस्थान, कारपोरेट सेक्टर कंपनी में नौकरी पाने के लिए अच्छी गुणवत्ता की स्पीकिंग इंग्लिश बोलना जरुरी माना जाता है। हमें अपनी मातृभाषा हिंदी को अपने हृदय में रखना चाहिए। हिन्दी हमारी पहचान है लेकिन व्यवसायिक दृष्टि से पूरी दुनिया में इंग्लिश लैंग्वेज का ज्यादा महत्व है। इन मेधावी छात्र-छात्राओं को विभिन्न स्कूलों के शिक्षक निःशुल्क अध्यापन दे रहे हैं।

आयोजन

## रासेयो ने विजेताओं को किया पुरस्कृत जागरूकता अभियान चलाया




**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना पीएनएस महाविद्यालय ने ग्राम सैदा में चेतना के तीसरे चरण आओ संवारे कल अपना पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसके अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी मोना केंवट एवं लिली ठाकुर योग प्रशिक्षक ने चार वर्गों में दौड़ का आयोजन किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सब इंस्पेक्टर उमाशंकर पाण्डेय, रेखा गुल्ला, मदन मोहन गुल्ला, विकास चंद्र वर्मा, सैदा सरपंच रिचा अनिल दुबे, ने खेल की विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रथम स्थान शिवन्या, मीनू, शिवम, साहिल, चंद्र प्रकाश, अथर्व, द्वितीय स्थान सौम्या, संजना, जानू, शरद तिवारी, तृतीय स्थान पर कृतिका, आदित्य रहे।

सम्मान

## राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की बहनें सम्मानित परशुराम शोभायात्रा में निभाई थीं अहम भूमिका



**बिलासपुर।** समग्र ब्राह्मण समाज एवं परशु सेना ने श्री भगवान परशुराम के जन्म उत्सव की शोभायात्रा में अहम भूमिका निभाने वाली राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की बहनों की स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

शोभायात्रा समापन समारोह पर जिन संगठन की पदाधिकारी उपस्थित नहीं हो पाए थे उन्हें शोभायात्रा प्रमुख विनय शर्मा, रितेश उपाध्याय, प्रतीक तिवारी, मनीष ने एक सामान्य समारोह में सम्मानित किया। यह सम्मान का कार्यक्रम राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ जिला बिलासपुर की अध्यक्ष अर्चना तिवारी के घर पर रखा गया था। जिसमें राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ राष्ट्रीय प्रभारी प्रतिभा पांडेय , संभाग प्रभारी मीनू दुबे, राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ जिला अध्यक्ष अर्चना तिवारी, प्रदेश प्रभारी संगीता शर्मा, सचिव शशि प्रभा पांडेय ,कोषाध्यक्ष संजना मिश्रा, जिला प्रभारी नम्रता शर्मा, उपाध्यक्ष शशि तिवारी, खेल प्रमुख शारदा तिवारी, सांस्कृतिक प्रमुख पूर्णिमा मिश्रा, प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज की प्रमुख वंदना तिवारी, अंजना, नीलिमा तिवारी एवं श्वेता पाठक को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## श्रद्धालु कर रहे माता के विभिन्न रूपों का दर्शन





**बिलासपुर।** रेल्वे परिक्षेत्र कंस्ट्रक्शन कालोनी दुर्गा पंडाल में श्री मरीमाई माता पूजा उत्सव का आयोजन किया गया है। इसमें श्रद्धालुओं द्वारा माताजी के विभिन्न रूपों का दर्शन किया जा रहा है।



शाम को माता महालक्ष्मी के स्वरूप की पूजा, अर्चना एवं आरती कर माताजी का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। आयोजन का यह 19 वां वर्ष है।पूजा उत्सव के अध्यक्ष विजय सिंह एवं सचिव मनोहर राव ने संयुक्त रूप से बताया कि खड़गपुर से आए मुख्य पुजारी ए. सुधाकर राव दक्षिण भारतीय विधि से पूजा, आरती कर रहे हैं। साथ में बिलासपुर के पांच बाल पुजारी मुख्य पुजारी के सहयोगी दल बन कर रह रहें हैं। बाल पुजारी पूजा उत्सव तक ब्रह्मचारी रूप में दिन व्यतीत करेंगे। पूजा उत्सव तक अपना घर न जाकर माताजी के मंच में ही सेवा में रहेंगे। सात्विक पकवान माताजी को भोग चढ़ाने के बाद इसे ही बाल पुजारी ग्रहण कर रहे हैं। वहीं अपने पूरे शरीर में हल्दी का लेप लगा कर हल्दी लगा हुआ धोती पहन रहे हैं। खड़गपुर से आए डबली बाजा एवं काली डांस श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। 9 मई शुक्रवार को सुबह 8 बजे सुहागिन महिलाओं द्वारा सामूहिक कुमकुम पूजा की जाएगी। अभी तक 150 सुहागिन महिलाएं अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं।

### निकाला गया लकी कूपन

पूजा, आरती के बाद पार्षद व एमआईसी मेंबर प्रकाश यादव, बुधवारी बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष नितिन छबड़ा, महेंद्र कुमार पटनायक, के. रामाराव ने लकी कूपन ड्रा निकाला। इसमें माताजी के आशीर्वाद स्वरूप रेखा, गिरिशा, श्रीमती एम सुधा लक्ष्मी को साड़ी दी गई। साड़ी श्रीमती जी कांता रत्नम के सौजन्य से दी गई। अन्य सभी श्रद्धालुओं को महाभोग हलवा का वितरण रेल्वे कांट्रेक्टर एन के सिंह के सौजन्य से किया गया।

### इनका मिल रहा सहयोग

पूजा उत्सव को सफल बनाने में श्री माता पूजा उत्सव समिति के विजय सिंह, मनोहर राव, प्रकाश यादव, बी ईश्वर राव, जे गोवर्धन राव, बी श्रीराममूर्ति, कोटा रामाराव, पीडी राव, ए कृष्णा राव, श्रीनिवास राव, के रवि, डॉ अजय सिंह, संदीप दास, जगन्नाथ राजू, व्ही मधुसूदन राव, सुमन गुहा, सुनील उपाध्याय, व्ही श्रीनिवास राव, मुकेश राव, राहुल सिंह, टी श्रीनिवास राव, आरव्ही स्वामी, रविकन्ना, एस व्ही रमन्ना, पी धर्मा राव, एल राजुलू, जी आदिनारायण, जी शंकर राव, के रामाराव, पी नारायण राव, आर गोविंद राव पटनायक, जी वेनुबाबू, आर श्रीनिवास राव, एम रामुलु, बी वेंकेंट रमना, एल सतीश, डब्बू राव, ए सत्यनारायण, जी तरुण कुमार, जी नवीन कुमार, जी साईं किरण, भास्कर, श्रीनु, प्रवीण, टी रवि, दुर्गा राव, रवि, दीपक का सहयोग मिल रहा है।

### किया ललिता सहस्रनाम का पाठ

महिलाओं ने गुरुवार को सुबह ललिता सहस्रनाम का पाठ किया। यह एक स्तोत्र है। जिसमें देवी ललिता के 1000 नामों का वर्णन है। देवी ललिता की सर्वोच्च देवी और ब्रह्मांड की शक्ति के रूप में पूजा की जाती है। ललिता सहस्रनाम का पाठ करने से ज्ञान, मुक्ति, आध्यात्मिक उन्नति, निरोगी जीवन, लंबी उम्र, धन-वैभव की प्राप्ति, मां ललिता की कृपा प्राप्त होती है।

## एकाग्रता न हो तो किसी भी कार्य में सफलता नहीं मिल पाती : स्वाति



**बिलासपुर।** भोजन का हमारे शरीर और विचारों पर बहुत प्रभाव पड़ता है। कहा जाता है जैसा अन्न, वैसा मन और जैसा पानी, वैसी वाणी। हम जो भोजन स्वीकार करते हैं उसके तीन प्रकार होते हैं। सात्विक भोजन, राजसिक भोजन और तामसिक भोजन। उक्त वक्तव्य प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में आयोजित 6 दिवसीय बाल संस्कार शिविर के तीसरे दिन सेवा केंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने बच्चों को बताया।



दीदी ने कहा कि सात्विक भोजन एक ऐसा भोजन है जो शरीर और मन दोनों के लिए संतुलित और स्वस्थ होता है। यह भोजन सात्विक गुणों से भरपूर होता है। हम अपने देश के राष्ट्रीय ध्वज से सात्विक भोजन को समझ सकते हैं। हमारा राष्ट्रीय ध्वज तीन रंगों से बना है। केसरिया, सफेद, हरा, लाल और पीले रंग के मिलने से केसरी रंग बनता है। भोजन में हमें इन सभी रंगों वाली चीज ग्रहण करनी चाहिए। लाल रंग में गाजर, टमाटर, अनार, पपीता, चुकंदर आते हैं। पीले रंग में नींबू, मौसम्बी, आम आदि आते हैं। सफेद रंग में दूध, दही, मक्खन, छाछ, पनीर आदि आते हैं तथा हरे रंग में हरी सब्जियां, सलाद, दालें आदि शुद्ध या सात्विक भोजन है। जिन चीजों को हम देवताओं और परमात्मा को भोग नहीं लगाते उन चीजों को हमें भी नहीं खाना है। राजसिक भोजन ज्यादा तेल, नमक, मिर्च मसाला आदि आता है। राजसिक भोजन हमारे मन और शरीर को भारी करता है। आलस्य और मोटापा को बढ़ाता है। तामसिक भोजन में अंडे, मांसाहार, नशीले पदार्थ, प्याज-लहसुन आदि आते हैं, यह हमारे मन को चंचल करते हैं, हमारी एकाग्रता को कम करते हैं। दीदी ने एकाग्रता का महत्व बताते हुए कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए एकाग्रता की आवश्यकता होती है। यदि एकाग्रता न हो तो किसी भी कार्य में सफलता नहीं मिल पाती। एकाग्रता अर्थात मन और बुद्धि को जब, जहां और जितनी देर के लिए स्थिर करना चाहे उतनी देर स्थित कर सकें, उसे ही एकाग्रता कहते हैं। प्रतिदिन सुबह उठते ही और रात को सोते समय अपने आप को सकारात्मक संकल्प दें कि मैं पीसफुल एनर्जी हूं, मैं प्योर एनर्जी हूं, मैं पावरफुल हूं, मैं बहुत पोसिटिव हूं, मैं सक्सेसफुल हूं, मैं बहुत इंटेलिजेंट हूं।

15 मई तक बिहार में आयोजन

## खेलो इंडिया में मलखंभ खिलाड़ियों ने जीता रजत





**बिलासपुर।** खेलो इंडिया में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश की मलखंभ टीम के खिलाड़ियों ने रजत पदक प्राप्त किया है। सातवें खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन 4 से 15 मई तक बिहार में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश की बालक-बालिका मलखंभ टीम के खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लेकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया है। खिलाड़ियों एक रजत और चार कांस्य पदक के साथ आशा के अनुरुप चैम्पियनशिप का पदक लेकर प्रदेश का मान बढ़ाया है। व्यक्तिगत चैम्पियनशिप में पुरुष टीम के राकेश कुमार बद्दा ने पोल मलखंभ में 8.60, हेंगिंग में 8.45, रोप में 8.45 अंक प्राप्त कर एक रजत, दो कांस्य पदक, मोनू नेताम ने पोल मलखंभ में 8.50 अंक के साथ संयुक्त कांस्य पदक, महिला खिलाड़ी दुर्गेश्वरी कुमेटी ने पोल मलखंभ में 8.35 अंक अर्जित करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। अब तक छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने एक रजत और चार कांस्य पदक हासिल कर लिया है। पहले दिन से लेकर अब तक की प्रतियोगिता में टीम चैम्पियनशिप व व्यक्तिगत में एक रजत और 10 कांस्य पदक जीतकर टीम ने 11 पदक प्राप्त किया है।

छत्तीसगढ़ का करेंगे प्रतिनिधित्व

## यूथ गेम्स इंडिया बास्केटबाल में खिलाड़ी आदित्य का चयन

**बिलासपुर।** पटना बिहार में आयोजित यूथ गेम्स इंडिया में बिलासपुर जिले के बास्केटबाल खिलाड़ी आदित्य सिंह का शानदार खेल प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ की टीम में चयन किया गया है। पटना बिहार में 4 से 15 मई तक राष्ट्रीय यूथ गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में अन्य खेलों के अलावा बास्केटबाल खेल को भी शामिल किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश की बास्केटबाल टीम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इन खिलाड़ियों में अन्य जिलों के अलावा बिलासपुर जिले के बास्केटबाल खिलाड़ी आदित्य सिंह को भी शामिल किया गया है। बास्केटबाल की टीम बुधवार की रात दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस से बिहार के लिए रवाना हो गई है। टीम के कोच राजनांदगांव के राजेश्वर राव, असिस्टेंट कोच रायपुर से उमेश सिंह, मैनेज सरगुजा के राजेश प्रताप सिंह हैं। आदित्य पूर्व में राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व कर दो बार गोल्ड मैडल प्राप्त कर चुके हैं। टीम रवाना होने के दौरान सेंट जेवियर स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.जीएस पटनायक, प्राचार्य बीबी महाता, सुप्रिया एपी, बास्केटबाल संघ के अध्यक्ष डॉ.संतोष बाजपेयी, संभागीय क्रीड़ा अधिकारी जीडी गर्ग, अमित मंडल, सुधीर राजपाल, आनंद सिंह, ओंकार जायसवाल, अमित पिल्ले, महेश शर्मा, अमित तिवारी, विकास गोरख, राष्ट्रीय खिलाड़ी ऋषभ, राहुल हडलेश्कर, सौम्य संतवाणी, विशाल टंडन, हिमांश कामले, हर्ष सिंह, पवन, विकास आदि मौजूद थे।



भुवनेश्वर की टीम को हराया

## आल इंडिया कबड्डी में शहर की टीम बनी विजेता



**बिलासपुर।** कबड्डी प्रशिक्षण केन्द्र चिंगराजपारा बिलासपुर की टीम ने साल का चौथा आल इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब हासिल किया है। रामपुल कालरी ब्रजराजनगर ओडिशा की मेजबानी में तीन दिवसीय आल इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बिलासपुर के चिंगराजपारा कबड्डी प्रशिक्षण केन्द्र की टीम ने भी हिस्सा लिया था। बिलासपुर की टीम ने शुरुआत से ही शानदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम ने स्टार कबड्डी टीम भुवनेश्वर को 38 अंक से हराकर चैम्पियनशिप पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम के अलावा मध्यप्रदेश, ओडिशा की टीम ने हिस्सा लिया था। लीग कम नाक आउट नियम से प्रतियोगिता कराई गई। फाइनल मुकाबले से पहले सेमीफाइनल में चिंगराजपारा बिलासपुर की टीम ने संबलपुर की टीम को 20 अंक से हराया था। विजेता टीम बनने बिलासपुर की टीम को 20 हजार रुपए व ट्राफी, उपविजेता टीम भुवनेश्वर को 15 हजार रुपए व ट्राफी प्रदान की गई। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बिलासपुर के अजय मरावी, बेस्ट रेडर खेमचंद पोर्ते, बेस्ट डिफेंडर निलेश को ट्राफी व नकद राशि दी गई।

# एसईसीएल मुख्यालय में हुई कोयला उपभोक्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोल इंडिया के मध्यम पश्चिम क्षेत्र के पवार एवं एनआरएस सेक्टर के कोयला उपभोक्ताओं की बैठक का आयोजन गुरुवार को एसईसीएल मुख्यालय में किया गया। जिसका उद्देश्य कोयला उपभोक्ताओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करना है।

इस अवसर पर एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन ने संबोधित करते हुए कहा कि एसईसीएल का ध्येय है कि हम अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्ता पूर्ण कोल सप्लाई करें। एसईसीएल का इस वर्ष का डिस्पैच का लक्ष्य 220 मिलियन टन का है और मुझे विश्वास है कि हम अपना लक्ष्य जरूर प्राप्त करेंगे और जो आप चाहते हैं वही कोल क्वालिटी आपको मिले यह सुनिश्चित करेंगे। कोल इंडिया से आए निदेशक (विपणन) मुकेश चौधरी ने कहा कि कोल इंडिया अपने उपभोक्ताओं को निर्धारित ग्रेड का कोयला सप्लाई करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है तथा हमारा हर समय यही प्रयास रहता है कि उपभोक्ता को कम से कम ग्रेड स्लिपेज का सामना करना पड़े। आज आप लोगों के द्वारा जो भी विषय हमारे संज्ञान में लाए गए हैं हम उनका शीघ्र समाधान करेंगे। बैठक में टीएस बहेरा, महाप्रबंधक, (विक्रय एवं विपणन) एसईसीएल मुख्यालय भी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न कोयला उपभोक्ता कंपनियों के लगभग 125 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

बैठक के दौरान कोल सप्लाई एवं गुणवत्ता प्रबंधन से जुड़े कार्यसंचालन के विभिन्न विषयों एवं बेहतर आपसी समन्वय पर चर्चा की गई। उपभोक्ताओं द्वारा विभिन्न विषयों पर फीडबैक एवं सुझाव भी प्रस्तुत किए गए जिनको अमल में लाने का आश्वासन दिया गया।



कोयला उपभोक्ताओं को संबोधित करते एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन।

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने जताया सेना व पीएम का आभार



**लोरमी।** पहलगाम हत्याकांड को बदला लेते हुए भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। इस पर डिंडोरी मंडल के भाजपा के कार्यकर्ताओं ने देश के सैनिकों एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से धनीराम यादव जिला उपाध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनय साहू, रामेश्वर बंजारे, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू, दिनेश कश्यप, सुशील यादव, लेखराज ठाकुर, जिला कार्यसमिति सदस्य विक्रम सिंह, महाजन जायसवाल, माधव तिवारी, जवाहर दिवाकर, विनोद राजपूत, रघुवीर साहू, राजू साहू, रामनीहोरा, विकास साहू, हरिकिशन खत्री, ललित राजपूत, कुलेश्वर साहू, प्रदीप साहू सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### समाधान शिविर का आयोजन आज

**लोरमी।** लोरमी नगर पालिका के स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में 9 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नपा के शिव वार्ड, पं जवाहर लाल नेहरू वार्ड, महामाया वार्ड, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, विवेकानंद वार्ड, हरिविहार वार्ड, जय दुर्गा वार्ड, सुभाषचंद्र बोस वार्ड, महावीर वार्ड और इंदिरा गांधी वार्ड को शामिल किया गया है। उक्त समाधान शिविर में लोग अपनी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही नए आवेदन भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

### भालापुर में समाधान शिविर आज

**मुंगेली।** सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर आज 9 मई को मुंगेली के ग्राम भालापुर और नगर पालिका लोरमी के स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में आयोजित होगा। ग्राम भालापुर के शिविर में ग्राम पंचायत करूपान, संबलपुर, चकरभाठा, झलियापुर, नारायणपुर, मुड़पार, टेढ़ाधौंरा, भालापुर, लछनपुर अ, टेमरी, डोड़ा, जल्ली, सिंगबांधा, कोहड़िया, भीमपुरी और पौनी सहित 16 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इसी तरह नगर पालिका लोरमी में शिव वार्ड, पं जवाहर लाल नेहरू वार्ड, महामाया वार्ड, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, विवेकानंद वार्ड, हरिविहार वार्ड, जय दुर्गा वार्ड, सुभाषचंद्र बोस वार्ड, महावीर वार्ड और इंदिरा गांधी वार्ड को शामिल किया गया है। उक्त समाधान शिविर में लोग अपनी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही नए आवेदन भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

### आतंकी ठिकानों पर हमला, हुई आतिशबाजी

**तखतपुर।** पहलगाम में 26 निर्दोषों की हत्या के बाद और भारत के द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला करने के बाद नगर में आतिशबाजी की गई। वहीं पाकिस्तान के राष्ट्रीय ध्वज को मुत्रालय के दरवाजे और सीढ़ी पर चिपकाया गया। व्यापारी संघ के अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर ने कहा कि पाकिस्तान आतंक को पालता है और बेगुनाहों की हत्या करता है। आज विश्व मंच पर पाकिस्तान अलग-थलग हो गया है और आतंकवाद के खिलाफ पूरा विश्व भारत के साथ खड़ा है।

## निधन

### सतीश भोई



**बिलासपुर।** विकास नगर 27 खोली आनंद अपार्टमेंट निवासी विद्युत कम्पनी तिफरा में कार्यरत सेक्शन अधिकारी सतीश भोई का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद मुक्तिधाम में 8 मई को किया गया। वे त्रिवेणी भोई के पति, आकाश, हिमांशु एवं अंकित भोई के पिता थे।

### कमला कुम्भज



**बिलासपुर।** सरकंडा निवासी कमला कुम्भज पत्नी स्वर्गीय श्यामधर कुम्भज का देहवसान 8 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तीधाम में किया गया। वे शरद कुम्भज एवं सुरेश कुम्भज की माता थीं।

## धनौली में आयोजित समाधान शिविर में शमिल हुए

# स्वास्थ्य मंत्री ने जल व पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया प्रेरित

■ 77 हितग्राहियों को किया गया सामग्री व चेक का वितरण

**गौरेला।** सुशासन तिहार के तृतीय चरण में गुरूवार को धनौली में समाधान शिविर आयोजित किया गया। इस कलस्टर पंचायत में धनौली, गोरखपुर, झगराखांड, कोरजा, लालपुर, गिरवर, दौंजरा, हर्राटोला, डाहीबहरा, पंडरीपानी, अंधियारखोह, हर्री, गांगपुर, साल्हेघोरी, अंजनी एवं तेंदुमुड़ा पंचायत के ग्रामीणों से प्राप्त 4 हजार 7 सौ 84 आवेदनों में से 4 हजार 7 सौ 42 आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल शिविर में विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने शिविर को संबोधित किया एवं विभिन्न योजनाओं के तहत 77 हितग्राहियों को सामग्री एवं चेक प्रदान किया। इस अवसर विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह, कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, डीएफओ ग्रीष्मी चांद सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। श्री जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप सुशासन तिहार के तीसरे चरण में कलस्टर ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर शासन-प्रशासन मिलकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। इस शिविर में 99 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की गारंटी के तहत प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन की राशि मिल रही है, जिन्हें नहीं मिल रहा है उनके सर्वे का काम चल रहा है। उन्होंने जल स्तर बढ़ाने एवं जल संरक्षण के लिए हैंडपंप के बजाय कुंआ बनवाने पर जोर दिया। कलेक्टर को कुंआ के लिए प्राप्त शत प्रतिशत आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करने कहा। इस दौरान उन्होंने ने जिला चिकित्सालय में बने नशा मुक्ति केन्द्र का भी लोकार्पण किया। विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने कहा कि प्रदेश की सरकार जन घोषणा पत्र के अनुसार आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सबका विकास, सबका साथ का विजन लेकर चल रहे हैं।



कार्यक्रम में शामिल स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।

### मंत्री ने शराब दुकान का किया औचक निरीक्षण

गौरेला। जिले के प्रभारी मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल गुरूवार को जिला प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने पेंड्रा स्थित शराब दुकान का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दुकान में पदस्थ कर्मियों से साफ-सफाई, रख-रखाव, मदिरा के सभी ब्रांडों की उपलब्धता, दर आदि के बारे में पूछताछ की। उन्होंने मदिरा की बिक्री निर्धारित दर पर ही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी उनके साथ मौजूद रहीं।

### उप स्वास्थ्य केन्द्र लालपुर का भी किया निरीक्षण

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने उप स्वास्थ्य केन्द्र लालपुर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर में साफ-सफाई, स्टाफ द्वारा नियमित उपस्थिति, दवाइयों की उपलब्धता, दवाइयों की कालातीत अवधि, ओपीडी एवं भर्ती मरीजों के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्क निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी, सीएमएचओ डॉ रामेश्वर शर्मा मौजूद रहे।

## गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का समापन, साव हुए शामिल



**लोरमी।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के निर्देशानुसार अध्यक्ष विशेषर पटेल के मार्गदर्शन में श्रीराम तुलसी राधे गौशाला ग्राम मलकछरी के तत्वावधान में गौग्राम जन जागरण यात्रा निकाली गई।

यात्रा 1 मई से प्रारंभ हुई जो मलकछरी से निकलकर लोरमी पहुंची। जहां पर मुंगेली चौक में गौसेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, डिप्टी सीएम अरूण साव, महंत विवेक गिरी गोस्वामी कार्यक्रम में शामिल हुए एवं गौमाता की महाआरती की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुऐ गौ सेवा आयोग अध्यक्ष पटेल ने कहा कि आज हमारे में देश गौ पालन हेतु जन जागरण यात्रा निकालनी पड़ रही है, जबकि विदेशों में इन्हीं गायों के गौमूत्र एवं गोबर से नहाने के लिए पैसा खर्च किया जा रहा है। प्रदेश में जितनी भी गौशाला संचालित हैं, उन्हे गौधाम के नाम से जाना जाएगा। साथ ही बंद पड़ी गौठानों को गौधाम योजना से जोड़ा जाएगा। उन्होने समस्त प्रदेशवासियो से गौपालन की अपील की। अरूण साव ने कहा कि आज हम हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए दिशा में बढ़ रहे हैं, हम सभी देशवासी यह संकल्प लें कि प्रत्येक घरों में गौपालन हो तभी हम हिंदू राष्ट्र बना सकते हैं।

## आरके पब्लिक स्कूल बरेला में रिजल्ट रहा शत प्रतिशत



**तखतपुर।** आरके पब्लिक स्कूल में 10वीं व 12वीं बरेला का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। बच्चों ने अपने माता पिता के साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जिसमें प्रथम स्थान पर 94.16 प्रतिशत के साथ अर्पिता साहू, द्वितीय सौम्या रात्रे 92.66, तृतीय माधुरी मिश्रा 91.33, चतुर्थ अर्पित तिवारी 89.16, पांचवा स्थान अरिहंत शर्मा 85.66 रहा। शाला के संस्थापक रविंद्र तिवारी ने कहा कि हमारा प्रयास आगे भी कक्षा 12वीं तक बच्चों का स्थान इसी तरह बनाए रखना रहेगा। इस वर्ष विज्ञान गणित वाणिज्य व कला सभी विषयों की पढ़ाई विद्यार्थी कर सकते हैं। मार्गदर्शक पवन गुप्ता, प्राचार्या शारदा गुप्ता उत्तीर्ण परीक्षार्थी के परिणाम पर हर्ष व्यक्त किया है। पुष्पांजलि बंजारा, अर्चना सोनी, कामेश पांडे विकास जांगड़े, पिंकी जांगड़े, फातिमा कपासी, नफीशा लक्ष्मीधर, दमयंती कश्यप, रुक्मणी महोबिया ने रूपरेखा बनाकर विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए तत्पर किया।

## आगर में समाधान शिविर का आयोजन, विधायक हुए शामिल

**मुंगेली।** सुशासन तिहार के अंतर्गत गुरुवार को आगर खेल परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 243 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में 250 आवेदन फिर प्राप्त हुए, जिनमें से 14 का मौके पर निराकरण किया गया। शिविर में हितग्राहियों को विवाह, जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड आदि का वितरण किया गया।

शिविर में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, वनमंडल अधिकारी अभिनव कुमार सहित अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने अवलोकन किया और आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली। इस दौरान 2 आवेदकों को विवाह प्रमाण पत्र, 6 आवेदकों को जन्म प्रमाण पत्र, 3 आवेदकों को मृत्यु प्रमाण पत्र, 4 हितग्राहियों को पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत 5 हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र एवं प्रतिकात्मक चाबी, 6 आवेदकों को श्रम कार्ड, 5 हिताग्रहियों को आयुष्मान कार्ड, 5 आवेदकों को किसान किताब, 5 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 5 हितग्राहियों को स्वच्छता किट प्रदान कर लाभान्वित किया गया।




## पीएमश्री सेजेस मस्तुरी के बच्चों ने लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

माशिमं द्वारा दसवीं, बारहवीं का परीक्षा परिणाम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा घोषित किया गया।

पीएमश्री सेजेस मस्तुरी विद्यालय का परीक्षा परिणाम पूर्व की भांति उत्कृष्ट आया जिसमें बारहवीं में पलक पटेल ने 85.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम, रीना साहू 84.6 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय, आयशा कल्पना सुमन ने 79.6 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। दसवीं में 91 प्रतिशत परिणाम के साथ दियान्सु टंडन 94.16 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम, वारिधि राठौर 93.17 प्रतिशत द्वितीय, दीपिका कोसले 91.8 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर रही। प्राचार्य जेपी ओझा, समस्त शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है।

---

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल आवास, निरतू (तखतपुर), बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक अटल आवास - 133 मूल आबंटी श्री नंद राम राठौर पिता श्री दया राम राठौर के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 28.02.2013 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 17.04.2025 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को नाम श्री विनय कुमार सिंह पिता श्री बमबहादुर सिंह के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय / अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था / बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा / आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल पं. दीनदयाल नगर, देवरीखुर्द, बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवन क्रमांक एम.आई.जी.।।-66 आबंटी श्री सतीश होले पिता स्व. विनायक होले के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 28.03.2006 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 17.08.2023 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री देवेन्द्र कुमार मिश्रा पिता श्री विजय कुमार मिश्रा के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था / बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण /हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा / आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण / हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक/क/ना.तह./वाचक/2025 बिलासपुर, दिनांक 06/05/2025
ई.रा.प्र.क्र.-/अ-3/2024-25
मौजा मंगला प.ह.न. 35

पक्षकार- जयप्रकाश अग्रवाल विरूद्ध छ.ग. शासन

ग्राम मंगला प.ह.न. 35 के सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर के पत्र क्र. 2430/एफ-4/सात-/2020 नया रायपुर अटल नगर दिनांक 13.08.20 के अनुसार आपस में संलग्न खसरा नम्बर की भूमि के साथ नक्शा को सम्मिलित किये जाने हेतु आवेदक जय प्रकाश अग्रवाल पिता बी.एन. अग्रवाल निवासी- मिनोचा कालोनी बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा- मंगला, प.ह.न.-35, स्थित भूमि खसरा नं. 1616/1, 1616/4, 1617/3, 1620/4 रकबा क्रमशः 0.1620 हे. 0.2300 हे., 0.2300 हे., 0.2020 हे. भूमि को एकीकरण किये जाने हेतु छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 21/05/2025 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेगे।

आज दिनांक 06/05/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

नायब तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

---

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंधी प.ह.नं. 1 तह. सीपत जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 420/2 रकबा 0.07 ए., ख.नं. 432/1 रकबा 0.07 ए., ख.नं. 465/2 रकबा 0.30 ए., ख.नं. 466 रकबा 0.89 ए. एवं ख.नं. 475/1 रकबा 0.79 ए. को श्री गणेशराम पिता स्व. समेलाल निवासी ग्राम पंधी के द्वारा अन्य व्यक्ति से बिक्री करने का सौदा किया जा रहा है तथा बयाना लिया जा रहा है जबकि उक्त भूमि के संबंध में प्रकरण न्यायालय तहसीलदार सीपत के न्यायालय के रा.प्र.क्र. 2023070713 00044 अ-6-अ/ 2022-023 वर्तमान में लंबित है। अतः उपरोक्त खसरा नंबर की भूमि की को कोई भी व्यक्ति क्रय करता है या क्रय करने संबंधी बयाना गणेशराम को देता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी संबंधित क्रेता की होगी

अतः सूचना जाने ।

सुरेन्द्र उपाध्याय
अधिवक्ता
छ.ग. उच्च न्यायालय
बिलासपुर (छ.ग.)
कार्यालय:- अधिवक्ता कक्ष तहसील कार्यालय सीपत
जिला - बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9827470736

---

**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**
**(पीठासीन न्यायाधीश श्री विजेन्द्र सोनवानी)**
**नोटिस**

व्य.वा.क्र. -85/2024
आदेश दिनांक - 28/04/2025
पेशी दिनांक - 05/07/2025
प्रोसेस क्रमांक - 82

प्रकाश कौशिक वगैरह... आवेदकगण
विरूद्ध
प्रबंधन कार्यालय सेवा वगैरह... अनावेदकगण
प्रति, आम जनता जिस किसी का हित / संबंध हो बिलासपुर (छ.ग.)

आवेदकगण ने अपने पिता/पति स्व. रवि कौशिक की मृत्यु के पश्चात अनावेदक क्र. 01 के विभाग में जमा बीमा राशि को प्राप्त करने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु अनावेदकगण के विरूद्ध आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें आम जनता को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस / ईश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है कि इस प्रकरण से संबंधित आम जनता का कोई हित हो तो वह पेशी दिनांक 05/07/2025 को न्यायालय में दिन के 11.00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उक्त संबंध में अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर जवाब प्रस्तुत कर उपरोक्त प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें, अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

यदि किसी कारणवश पेशी तारीख 05/07/2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है तो अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 08/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

विजेन्द्र सोनवानी
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ श्रेणी, बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल आवास, निरतू (तखतपुर), बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक अटल आवास- 184 मूल आबंटी श्री योगेश गुप्ता पिता स्व. श्री कृष्ण लाल गुप्ता के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 13.12.2015 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 28.03.2025 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को नाम श्री रामकिशोर राठौर पिता स्व. गायत्री प्रसाद राठौर के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था / बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा / आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-3 बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.- 00041 सिरगिट्टी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202425 400109100313

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00041 के अंतर्गत ग्राम सिरगिटी के वर्तमान भूमिस्वामी लक्ष्मीन बाई पिता/पति-घासीराम केंवट पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 631/19 (0.0681) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सावित्री नायक पिता/पति-हेतराम नायक पता-नायक बाड़ा सिरगिट्टी बिलासपुर (छ.ग.) के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22/05/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-3 बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/04/2025 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर

---

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/क./वा./तह./2025
बिलासपुर दिनांक 06/05/25

एतद्व द्वारा मौजा तोरवा प.ह.न. 37 तह. व जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीष मिश्रा पिता हरिशंकर मिश्रा निवासी शंकरनगर बिलासपुर के द्वारा अपनी पुत्री सिधिमा मिश्रा पिता मनीष का जन्म दिनांक 10/06/2008 को शंकरनगर तोरवा बिलासपुर मे होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने का आवेदन पेश किया गया है।

अतः आप उपरोक्त विषय के सबंध जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय मेक दिनांक 21/05/25 तक अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद पेश दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06/05/25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मोहर द्वारा जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

---

**राजस्व मामले में नोटिस**

मामले की श्रेणी : राजस्व

न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-3 बिलासपुर जिला बिलासपुर तहसील बिलासपुर प.ह.न. 00041 सिरगिटी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक CT202425400 109100308

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार संगीता नायक पिता/पति-मूलचंद नायक पता-पंजाबी कालोनी दयालबंद बिलासपुर

अनावेदक पक्षकार - शोभा रानी पिता/पति-हरिशंकर बरई पता-देवरीखुर्द बिलासपुर

भूमि का विवरण जिसके संबंध में प्रकरण विचारधीन है

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00041 के अंतर्गत ग्राम सिरगिटी के भूमिस्वामी शोभा रानी पिता/पति-हरिशंकर बरई पता-देवरीखुर्द बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 257/3 (0.1481) में नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21/05/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-3 बिलासपुर पर की जावेगी।

आप अपना पक्ष प्रकरण को आगामी सुनवाई तिथि के पूर्व या सुनवाई के समय स्वयं/अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि को प्रकरण में सुनवाई उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

नोटिस दिनांक 30/04/2025

राजस्व अधिकारी
पदनाम-अतिरिक्त तहसीलदार

---

**न्यायालय तहसीलदार बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार प्रकाशन**

क्रमांक/93/ वा. तह. बोदरी/2025
बोदरी दिनांक 29/4/2025

एदत द्वारा ग्राम मुढीपार तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. के सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय कुमार पिता पुसउराम जाति यादव निवासी ग्राम मुढीपार तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने माता जी स्व.श्री सुखमतबाई पति पुसउराम की मृत्यु दिनांक 06/09/1999 को होने का उल्लेख करते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा/आम जनता को दावा आपत्ति हो तो इस न्यायालय में दिनांक 15/5/2025 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29/4/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

## खबर संक्षेप

### तोखन की केन्द्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री से मुलाकात



बिलासपुर। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री तोखन साहू से केन्द्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित निर्माण भवन कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस सौहार्द्रपूर्ण भेंट के दौरान बिहार राज्य, विशेष रूप से मुजफ्फरपुर में संचालित मेट्रो रेल परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन, केंद्र एवं राज्य सरकारों के समन्वय तथा आम नागरिकों को प्राप्त होने वाली सुविधाओं पर विशेष बल दिया गया।

### वार्ड पार्षद ने अंतिम छोर तक पहुंचाया पानी, किया समाधान



बिलासपुर। वार्ड नंबर 45 के वार्ड पार्षद बी वल्लभ राव वार्ड के अंतिम छोर तक पहुंचकर जन समस्याओं को सुलझाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बरम बाबा मंदिर की समस्या के निराकरण के लिए निगम अधिकारियों से बात की है।

### पत्रकार अशोक व्यास को बेस्ट सेलर अवार्ड



बिलासपुर। वरिष्ठ पत्रकार अशोक व्यास को उनकी पुस्तक समस्त व्रत पूजा विधान के लिए बेस्ट सेलर अवार्ड दिया गया है। यह अवार्ड सेरेमनी 8 मई गुरुवार को बुक्स क्लीनिक में आयोजित किया गया। श्री व्यास की पुस्तक ने सन 2024 में सर्वाधिक बिक्री का रिकार्ड बनाया है। उन्हें यह अवार्ड एक विश्व प्रसद्धि कंपनी ने प्रदान किया है। व्यास ने इस अवसर पर कहा कि पुस्तकें लिख लेना एक अलग विधा है जबकि आज के बदलते दौर में इन्हें सेल करना बेहद कठिन चुनौती है। अशोक व्यास अब तक विविध विषयों पर 12 पुस्तकें लिख चुके हैं। उन्होंने बताया कि पुस्तकें लिखने का उद्देश्य यही है कि हम समाज में जागृति ला सकें। इस मौके पर बुक्स क्लीनिक के डायरेक्टर हितेश सिंह बिसेन, को. डायरेक्ट ऋचा सिंह बिसेन, अनिका सिंह बिसेन, बबीता व्यास, साक्षी व्यास, अनुज प्रताप सिंह, जन्मेजय पैकरा, राजेश कुमार बंजारे, रजनी केशरवानी, आर्यन धीवर, सतीश राजपूत, दिव्या सिंहरौल, कल्याणी सिंह, लव थवाईत, प्रतिभा श्रीवास आशीष कुमार धुर्वे के अलावा लोग मौजूद थे।

### सेजेस लाला लाजपत राय स्कूल में निकाली गई लाटरी



बिलासपुर। सेजेस लाला लाजपत राय स्कूल में 8 मई को सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया लाटरी चयन द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी ने नोडल अधिकारी अलका चौबे, शाला विकास समिति अध्यक्ष श्रीकांत सहारे एवं समिति के सदस्य तथा संस्था की प्रभारी प्राचार्य राजी गुप्ता एवं शाला के समस्त सदस्यों और पालकों की उपस्थिति में लाटरी निकाली। इसमें एलकेजी के 25, कक्षा पहली के 25, दूसरी से चौथी के लिए 5-5 तथा कक्षा पांचवीं के लिए 6, कुल 71 रिक्त सीटों के लिए लाटरी की प्रक्रिया निर्विवाद संपन्न कराई गई।

## बिजनेस प्लस

### फोटोग्राफी और फोटो का जीवन में विशिष्ट महत्व : राय

बिलासपुर। फोटोग्राफी की दुनिया में गत 45 वर्षों से सेवा देने में अग्रणी अशोक राय जिन्होंने अरपा पार सरकंडा में



मंत्रा स्टूडियो कुर्मी भवन सीपत रोड सरकंडा विशाल मेगा मार्ट के पास आरम्भ किए हैं। जहां लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के साथ लोगों को बेहतर सेवाएं देने के लिए संकल्पित हैं। बिलासपुर अंचल में लोगों के बीच दादा का फोटो स्टूडियो क्लिक फोटोग्राफी के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान रखता है। मंत्रा स्टूडियो में उपलब्ध सुविधाओं में सगाई - शादी पार्टी, बर्थडे पार्टी, क्लोज अप फोटो, प्रपोजल फोटो, मेटरनिटी फोटो, बच्चों का फोटो शूट, न्यू बोर्न बेबी फोटोशूट एवं फैमिली फोटो सुविधा उपलब्ध है। वहीं अर्जेंट पासपोर्ट फोटो मात्र 5 मिनट में दिया जाता है। मंत्रा स्टूडियो के संचालक अशोक राय ने बताया की फोटोग्राफी और फोटो का जीवन में बहुत महत्व है। यह कई तरह से हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं। जैसे स्मृतियों को संजोना- फोटोग्राफी हमें अपने जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं और स्मृतियों को संजोने में मदद करती है। कला और अभव्यिक्ति फोटोग्राफी एक कला रूप है जो हमें अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर देती है। फोटोग्राफर अपने कैमरे से दुनिया को एक नए दृष्टिकोण से देख सकता है। वह अपने दर्शकों को एक अलग अनुभव दे सकता है। फोटो हमें अपने अतीत की स्मृतियों को याद करने में मदद करते हैं और हमें अपने जीवन के महत्वपूर्ण पलों को फिर से जीने का अवसर देती है। यही नहीं फोटो हमें भावनात्मक रूप से जोड़ते हैं और हमें अपने प्रियजनों के साथ जुड़ने में मदद करते हैं। फोटो हमें अपने परिवार और मित्रों के साथ बिताए पलों को याद करने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार फोटोग्राफी और फोटो दोनों ही हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और हमें अपने अनुभवों, भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने में मदद करते हैं।

---

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति और सेमेस्टर एग्जाम पर चर्चा** | एयू कुलपति, रजिस्ट्रार व उच्च शिक्षा के नोडल व अन्य अधिकारी रहे शामिल

# कालेजों के प्राचार्यों ने मीटिंग में लगा दी सवालों की झड़ी

बिलासपुर। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में गुरूवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन चुनौतियां एवं समाधान विषय व सेमेस्टर एग्जाम को लेकर मीटिंग रखी गई थी, जिसमें उपस्थित कालेजों के प्राचार्यो ने नई शिक्षा नीति को लेकर प्रश्नों की झड़ी लगा दी। मीटिंग में उपस्थित उच्च शिक्षा विभाग के नोडल अधिकारी सहित यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने बारी-बारी से प्राचार्यो के प्रश्नों का जवाब देकर उन्हें संतुष्ट किया।



यूनिवर्सिटी में प्राचार्यो की मीटिंग काफी लंबी चली, जिसमें प्राचार्यो, शिक्षकों की ओर से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत क्रेडिट के बारे में पूछा गया, जिस पर बताया गया कि सैद्धांतिक कोर्स के लिए एक लेक्चर, पीरिएड, कालखण्ड, घंटा का अध्यापन प्रति सप्ताह 15 घंटे के लिए किया गया। टीचिंग लर्निंग एक क्रेडिट कहलाता है अर्थात सेमेस्टर के अंतर्गत कुल 15 घंटे कालखण्ड का किया गया टीचिंग लर्निंग कार्य एक क्रेडिट होगा। सीबीसीएस के बारे में बताया गया कि यह पूर्णरूप से च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम है जिसके अंतर्गत एक संकाय का विद्यार्थी दूसरे संकाय का विषय जो क्रेडिट पद्धति पर आधारित है का अध्ययन के लिए चयन कर सकता है। इसी तरह विषय विशिष्ट ऐच्छिक एवं सामान्य ऐच्छिक के बारे में बताया गया। कौशल अभिवृद्धि पाठयक्रम और मूल वर्धित पाठयक्रम की जानकारी दी गई। इस मीटिंग में अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी, उच्च शिक्षा विभाग के राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नोडल अधिकारी डॉ. डीके श्रीवास्तव, डॉ. घनश्याम, डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. एचएस होता, रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे, परीक्षा नियंत्रक डॉ. तरूणधर दीवान, असिस्टेंट रजिस्ट्रार रामेश्वर राठौर, फखरूद्दीन कुरैशी सहित संबद्ध कालेजों के प्राचार्य एवं उनके प्रतिनिधि शिक्षक उपस्थित रहें।

### कुलपति व नोडल अधिकारी ने रखी अपनी बात

एयू के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने कहा कि छग प्रदेश आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने और सफल क्रियान्वयन में सबसे आगे हैं। राष्ट्रीयता का भाव एवं भारतीय मूल्यों के साथ कौशल विज्ञान को शब्दों में उकेरा गया है। उन्होंने कहा कि प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा बहुत ही अच्छे ढंग से संपन्न हुई और उसके परिणाम भी अच्छे आ चुके हैं। अब द्वितीय सेमेस्टर में हमें देखना है कि किसी प्रकार की समस्या विद्यार्थियों को न आए और सभी परीक्षाएं समय पर हो। डॉ. डीके श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति पूरे प्रदेश में सफलता से लागू हुई है परन्तु प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा परिणाम परीक्षाएं अच्छे ढंग से अटल यूनिवर्सिटी में संपन्न हुई। डॉ. सुधीर शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित पोर्टल को और अच्छे से बनाया जाना चाहिए। प्राचार्य एसएन निराला व डॉ. तरूणधर दीवान ने रूपरेखा रखते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन एवं चुनौतियां समाधान पर जानकारी प्रदान की।

---

**अरपा नदी में प्रदूषण के कारण बोर का पानी मटमैला आ रहा**

# गंदे पानी की बोतल लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे बोले लगातार बीमार पड़ रहे हैं वार्डवासी



वार्ड क्रमांक 52 लिंगियाडीह के लोग शिकायत लेकर पहुंचे कलेक्टोरेट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वार्ड क्रमांक 52 लिंगियाडीह के निवासियों ने कलेक्टोरेट और नगर निगम में गंदे पानी की बोतल लेकर गुरुवार को प्रदर्शन किया। वार्ड पार्षद दिलीप पाटिल के नेतृत्व में पहुंचे लोगों ने समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। पार्षद पाटिल ने कहा कि दो महीने पहले मेयर पूजा विधानी को इस बारे में पत्र लिखा गया था लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है।

पिछले चार दिनों से मोटर बंद होने से स्थिति और खराब हो गई है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि टैंकर के लिए सुबह फोन करने पर दोपहर तक पहुंचता है। एक टैंकर खाली होने के बाद दूसरे टैंकर पहुंचने में भी देरी होती है। वार्ड की महिलाओं का कहना है कि नए बोर की मांग की गई है। निगम प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। नल से मटमैला पानी आने से लोगों के स्वास्थ्य को खतरा है। इस बारे में जोन कमिश्नर प्रवीण शर्मा ने बताया कि अरपा नदी में प्रदूषण के कारण राजकिशोर नगर और लिंगियाडीह के बोर प्रदूषित हो गए हैं। इस वजह से बोर का पानी बंद कर टैंकर से जलापूर्ति की जा रही है।

कलेक्टोरेट पहुंची वार्ड की महिलाओं ने बताया कि क्षेत्र में पानी की भारी कमी है, जिससे लोगों को दैनिक कार्यों में काफी परेशानी हो रही है। कई स्थानों पर पाइपलाइन पुरानी और क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे पानी का रिसाव हो रहा है। पार्षद के मुताबिक जिन मांगों के लिए ज्ञापन सौंपा गया है उसमें पुरानी बस्ती से माता चौरा तक सबमर्शिबल पंप, पाइपलाइन विस्तार और बोर खनन किया जाए। दुर्गानगर साईं मंदिर क्षेत्र में खेलन भेड़पानल के घर तक पाइपलाइन विस्तार, वॉल्व मरम्मत और हैंडपंप की सुविधा हो। पार्षद दिलीप पाटिल ने कहा, "जल संकट को देखते हुए सभी प्रभावित क्षेत्रों में पाइपलाइन की मरम्मत, वॉल्व और हैंडपंप की व्यवस्था की जानी चाहिए।

### सिम्स ने बदली व्यवस्था, आभा आईडी के लिए अलग से काउंटर

एमआरडी हॉल में ओपीडी पंजीयन करते समय लगने वाली भीड़ को देखते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सिम्स प्रबंधन को व्यवस्था में बदलाव करते हुए उन्हें आभा आईडी बनाने के लिए काउंटर की व्यवस्था की है। 4 काउंटर बनाए गए है, इससे मरीजों का पंजीयन तत्काल होगा और उन्हें ज्यादा देर खड़े रहने की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा।

कलेक्टर संजय अग्रवाल के 3 मई को सिम्स का औचक निरीक्षण किया था। कलेक्टर द्वारा अधीक्षक डॉ. लखन को सुझाव दिए गए थे। पंजीयन शाखा में व्यवस्था दुरूस्त करने की हिदायत दी गई थी। इसके बाद डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने पंजीयन काउंटर का निरीक्षण कर शासन की योजना के तहत आभा आईडी से ही मरीज पंजीयन के निर्देश दिए है। इसके लिए अलग से काउंटर बनाए गए है। 4 काउंटरों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। खास बात यह है कि जिन मरीजों के पास इंटरनेट व एंड्रॉयड मोबाइल की सुविधा नहीं है, उनका पंजीयन भी इन काउंटर में किया जाएगा। मरीज का आभा आईडी, आधार कार्ड व रजिस्टर्ट मोबाइल नंबर के माध्यम पंजीयन संभव होगा। इस दौरान मरीज की स्थिति गंभीर होने पर पंजीयन कर तत्काल अन्य विभाग में भेज दिया जाएगा।

#### मरीजों को दी जाएगी जानकारी

डीन से साफ तौर पर कहा कि नई व्यवस्था से मरीज का ईलाज प्रभावित नहीं होना चाहिए। मरीज मोबाइल, आधारकार्ड होने पर उन्हें आभा आईडी के संबंध में जानकारी देकर योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। वहीं इलाज के लिए इसके महत्व को समझाने की बात कही।

---

# सरकार की पहल से निर्धन परिवारों की चिंता दूर: अमर



मुख्यमंत्री मंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए अतिथि।

बिलासपुर। सुशासन तिहार पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 25 निर्धन परिवारों के जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने निर्धन परिवारों की एक बड़ी चिंता दूर कर दी है।



श्रमिक केंद्र बृहस्पति बाजार में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में श्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार गरीब परिवारों की चिंता को दूर करते हुए उन्हें विवाह जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर आर्थिक सहयोग दे रही है। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े को 35 हजार की राशि और गृहस्थी शुरू करने के लिए उपयोगी उपहार प्रदान किए गए हैं। जो प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता का परिचायक है।

महापौर पूजा विधानी ने सामूहिक विवाह के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि सरकार की इस पहल से इस बड़े सामाजिक दायित्व के खर्च से निर्धन परिवारों को मुक्ति मिल रही है। समारोह में सम्मिलित नवविवाहित जोड़ों ने कहा कि इस योजना से उन्हें आर्थिक रूप से बड़ी राहत मिली है। सामूहिक विवाह के कारण न केवल उनके खर्च में कटौती हुई, बल्कि सरकारी सहायता से उन्हें नए जीवन की बेहतर शुरुआत का अवसर मिला है। ज्येष्ठ नागरिक संघ द्वारा भी कार्यक्रम में वर वधु को उपहार दिए गए। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में वर वधु पक्ष के परिजनों के साथ आमजन उपस्थित रहे।

---

**सीयू में ऑनलाइन व्याख्यान**

# भारत के हिंदवी स्वराज का इतिहास भव्य एवं गौरवशाली: प्रो. चक्रवाल



बिलासपुर। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा 8 मई को विक्ट्री आफ हिंदवी स्वराज ओवर अटक एंड मुल्तान बाय मई 8, 1758 विषय पर आनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य अतिथि एवं वक्ता पूर्व कुलपति गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय नोएडा यूपी प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा, एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. रामेन्द्रनाथ मिश्र रायपुर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल ने की। कार्यक्रम के संरक्षक एवं अध्यक्ष कुलपति प्रो चक्रवाल ने कहा कि इतिहास का अवलोकन एवं लेखन सरल नहीं इसलिए संस्कृति और सभ्यताओं को जीवित रखने के लिए भारत के गौरवशाली एवं वैभवशाली इतिहास का दस्तावेजीकरण आवश्यक है। छत्रपति शिवाजी महाराज का अदम्य साहस, अद्वितीय नेतृत्व क्षमता, दृढ़ संकल्प और लोक कल्याणकारी संवेदनशील कार्यप्रणाली ने मराठाओं को शक्तिशाली बनाया। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने हिंदवी स्वराज की स्थापना करते हुए विभाजनकारी और दमनकारी इस्लामी शासन का प्रतिरोध किया। प्रो चक्रवाल ने कहा कि भारतीय अस्मिता, सभ्यता और संस्कृति तभी अक्षुण्ण रहेगी जब हम एकजुट रहेंगे। मराठों ने न केवल मुगलों को हराया, बल्कि 18वीं शताब्दी के अधिकांश समय में ब्रिटिश हुकूमत को भी भारत पर कब्जा करने से रोका। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग को भारतीय इतिहास को सहेजने के लिए सकारात्मक प्रयास करना चाहिए। मुख्य अतिथि एवं वक्ता प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा ने कहा कि 8 मई 1758 का दिन भारत का सबसे गौरवशाली दिन है। तत्कालीन भारतीय क्षेत्र के 80 फीसदी क्षेत्रफल पर हिंदवी स्वराज का अधिकार था। उन्होंने कहा कि पेशवा की सत्ता कमजोर होने से मराठों का शासन कमजोर हुआ। मुगलों या अंग्रेजों के पास फौज में अपने सिपाही कम और भारतीय सिपाही ज्यादा थे। विशिष्ट अतिथि प्रो. रामेन्द्रनाथ मिश्र रायपुर ने कहा कि भारत का इतिहास गौरवशाली एवं वैभवशाली है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. ए.एस.रणदिवे एवं प्रो. आर.के. प्रधान ने अपने विचार व्यक्त किए। व्याख्यान कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. सीमा पाण्डेय ने स्वागत भाषण दिया। संयोजक प्रो. प्रवीन कुमार मिश्रा ने विषय प्रवर्तन तथा संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. घनश्याम दुबे ने किया।

# सीएमपीडीआई ने जिला अस्पताल को दिए 6 जीवन रक्षक उपकरण

बिलासपुर। कोल इंडिया लिमिटेड की स्वर्ण जयंती समारोह पर सीएमपीडीआई क्षेत्रीय संस्थान -5 द्वारा क्षेत्रीय निदेशक मनोज कुमार के निर्देश में अपने कॉरपोरेट सामाजिक दायत्वि कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय बिलासपुर को 6 जीवन रक्षक हाई-एंड मल्टी-पैरा मॉनिटर प्रदान किए गए। ये उन्नत मॉनिटर विशेष रूप से आपातकालीन और गहन चिकत्सिा की स्थिति में मरीजों की देखभाल के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। ये मॉनिटर जीवन रक्षक मापदंडों की निरंतर निगरानी करने में सक्षम है। इसमें ईसीजी, हृदय गति, श्वसन दर, ऑक्सीजन संतृप्ति, नाड़ी दर, गैर-आक्रामक रक्तचाप, तापमान, आक्रामक रक्तचाप के लिए बहुत ही उपयोगी है। इस अवसर पर




सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला अस्पताल डॉ. अनिल गुप्ता एवं उनकी टीम डॉ. शेफाली कुमावत, बसंत दाहीरे, प्रेक्षित दुबे आदि मौजूद थे। यह चिकित्सा उपकरण विभागाध्यक्ष मानव संसाधन/प्रशासन सीएमपीडीआई आलोक श्रीवास्तव से प्राप्त किए गए। इस दौरान मनीष दोहरे, संदीप मिंज शामिल थे।

---

# शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल का वार्षिक परिणाम घोषित



बिलासपुर। शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल पंजाबी कालोनी दयालबंद में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। आरएलजी सेवा प्रशासनिक समिति की अध्यक्षा रेखा गुप्ता ने परीक्षा परिणाम घोषित किया।

सत्र 2024–25 परीक्षा परिणाम में नर्सरी भूमि राही 97 प्रतिशत प्रथम, तुषांत कैवर्त 96 प्रतिशत द्वितीय, अर्ष मौर्य 94 प्रतिशत नित्या कश्यप 94 प्रतिशत तृतीय। केजी 1 मितांशी साहू 95 प्रतिशत प्रथम, राधव राजपूत, सृष्टि पुरी, तमन्ना यादव 91 प्रतिशत द्वितीय, काव्यांश यादव 89प्रतिशत तृतीय, केजी 2 काव्यांश यादव 98प्रतिशत प्रथम, रुद्र वर्मा 93 प्रतिशत द्वितीय, अभय साहू 92 प्रतिशत तृतीय, कक्षा पहली आराध्य तिवारी 99 प्रतिशत प्रथम, सिवाय साहू 88 प्रतिशत द्वितीय, वत्सल कैर्वत्य, आनव्हि साहू 83 प्रतिशत तृतीय कक्षा दूसरी आरव वर्मा 94 प्रतिशत प्रथम, आयुष सोनी 89 प्रतिशत द्वितीय, समरा गोरख 86 प्रतिशत तृतीय। कक्षा तीसरी हर्षिता यादव 99 प्रतिशत प्रथम,अतिक्षा साहू 93 प्रतिशत द्वितीय,आयूष मानिकपुरी 92 प्रतिशत तृतीय। कक्षा चौथी आदित्य कैवर्त 94 प्रतिशत प्रथम, आराध्य घोरे 91.7 द्वितीय,प्रथम दास 89.2 प्रतिशत तृतीय। कक्षा 5वीं झिलमील कश्यप 93 प्रतिशत प्रथम, प्रशांत वर्मा 80 प्रतिशत द्वितीय,देवी केवट 75 % तृतीय। कक्षा 7वीं आन्या तिवारी 96 % प्रथम,सुहाना केशरवानी 93 % द्वितीय, रुद्र प्रकाश 81 % तृतीय कक्षा 9वीं मनीषा मानिकपुरी 82 प्रतिशत प्रथम, पलक मानिकपुरी 81 % द्वितीय, नीधि केंवट 80 % तृतीय कक्षा 11वी – सिद्धि यादव 92 % प्रथम (गणित), प्रगति राणे 91 प्रतिशत द्वितीय (बायो, दिषीका खुंटे (गणित) जान्हवी कौशिक (बायो) 90 प्रतिशत तृतीय रही।

**एजुकेशन प्लस**

### बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 5, 8,10.12 वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। सुनीता यादव ने बताया कि इसमें कक्षा 5वीं 19 छात्र सम्मिलित हुए। प्रथम श्रेणी उपासना दीवान 91.5% प्रथम, कर्तव्य वर्मा 16 द्वितीय श्रेण 3 में उत्तीर्ण ।85.5% द्वितीय स्लोक खटिक 84.5% तृतीय रहे। इसी तरह कक्षा 8वीं में 13 छात्र सम्मिलित हुए। प्रथम श्रेणी 9 द्वितीय श्रेणी 4 छात्र उत्तीर्ण हुए। इसमें ऑनलाइन जाना 80% प्रथम, प्राची श्रीवास 76% द्वितीय, प्रियक एवं राजकुमारी जानवी आदित्य 75% तृतीय रही। कक्षा 10वीं 12 छात्र सम्मिलित हुए। प्रथम श्रेणी 7 द्वितीय श्रेणी 3 में उत्तीर्ण हुए। विनय मानिकपुरी 80% प्रथम हंसिका साहू 78% द्वितीय, आचल राज 74% तृतीय। कक्षा 12वीं गणित में प्रथम श्रेणी 20, द्वितीय श्रेणी 6 छात्र उत्तीर्ण हुए। दिव्या परवानी 83% प्रथम, हरमन खनूजा 77% द्वितीय अभि शुक्ला 75% तृतीय रहीं। कक्षा 12वीं बायो कुल छात्र 40 सम्मिलित हुए। प्रथम श्रेणी 18, द्वितीय श्रेणी 21 उत्तीर्ण । इसाना अग्रवाल 88% प्रथम, अनुष्का पाण्डे 86% द्वितीय, खुशी दलहानी 84% तृतीय। कक्षा 12वीं (वाणिज्य) कुल छात्र 8 सम्मिलित हुए। प्रथम श्रेणी 6 द्वितीय श्रेणी 2 में उत्तीर्ण। अन्नू तिवारी 78% एवं शोभित मेहर 78% अंक प्राप्त किया है।

# सरकंडा गर्ल्स की बबली को 93.8%

बिलासपुर। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शहीद अविनाश शर्मा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सरकंडा में छग माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 के घोषित परिणाम में 10 वीं व 12 वीं के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



प्राचार्य डा. गायत्री तिवारी ने बताया कि कक्षा दसवीं में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम, कन्या उच्चतर माध्यिक विद्यालय सरकंडा की छात्रा बबली मानिकपुरी ने कक्षा 10 वीं में 93.85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथत स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह रत्ना साहू 93.6 प्रतिशत द्वितीय रही। पायल कौशिक 93.16 प्रतिशत तृतीय, सिमरन कश्यप 93.16 प्रतिशत तृतीय रही। सिमरन खटकर 93 प्रतिशत रही। मुस्कान साहू 92.16 प्रतिशत, अंजली साहू 91.5 प्रतिशत, रचना साहू 91 प्रतिशत, अनन्या शर्मा 90.83 प्रतिशतअंक प्राप्त की। इसी तरह कक्षा 12 वीं के कला संकाय में पलक दुबे 91.6 प्रतिशत, प्रिया चंद्राकर विज्ञान संकाय 90.6 प्रतिशत, त्रिवेणी राजपूत वाणिज्य संकाय 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

समस्त छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय संस्था की प्राचार्य डा. गायत्री तिवारी एवं शामिल गणित व्याख्याता प्रवीण मिश्रा सहित अन्य शिक्षकों को दिया है। उन्होंने बताया कि छात्राओं ने यह सफलता अपनी मेहनत , लगन और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन से प्राप्त की है। बबली शुरू से ही प्रतिभाशाली रही है।

# होली हार्ट एजुकेशन सोसाइटी का परीक्षा परिणाम



बिलासपुर। होली हार्ट एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित परीक्षा परिणाम 2024-25 होली नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल, राजकिशोर नगर के कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने वार्षिक परीक्षा में 100% सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 10वीं के टॉपर्स प्रतिशत स्वाति साहू 92.83 %, दीक्षा सोनवानी 92.17 प्रतिशत, प्रियांश राजपूत 90.33 %, ईश्वरी राजूपत 90.23, यज्ञसेनी पटेल 86.17 % अंक प्राप्त किया है। इसी तरह कक्षा 12 वीं के टापर्स में आशीष दास वाणिज्य 88.4 %, जीव विज्ञान पलक राठौर 82.4, जीवन विज्ञान में आर्ची गुप्ता 78.2 %, जीवन विज्ञान प्राची राठौर 75.4 %, गणित एवं वाणिज्य में शीतल दुबे 70.8 %। प्राचार्य वीना बैस ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## खबर संक्षेप

### रेडक्रॉस के पूर्व सदस्य ने कलेक्टर को लिखा पत्र

**बिलासपुर।** युद्ध के समय सेना को चिकित्सा एवं चिकित्सा सामग्री पहुंचाने रेड क्रॉस सोसायटी के पूर्व सदस्य पंकज सिंह ने अपातकालीन बैठक आयोजित करने कलेक्टर को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि हमारी सेना देश की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहती है। हमें उनकी सहायता करने हर संभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि सेना को चिकित्सा एवं चिकित्सा सामग्री प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कलेक्टर को बैठक आयोजित कर सेना को सहायता पहुंचाने के तरीकों पर चर्चा करने का अनुरोध किया है।

### युवक पर कैंची से हमला सेलून संचालक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** आपसी रंजिश में युवक के सिर पर कैंची से जानलेवा हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर सेलून संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। पचपेड़ी पुलिस के अनुसार, पचपेड़ी निवासी सूरज लहरे पिता शीशपाल 25 साल 7 मई को शाम 6 बजे गांव के पवन कुमार श्रीवास के सेलून के पास खड़े थे। इसी दौरान सूरज लहरे उसके दुकान के पीछे बाथरूम करने चला गया। पवन ने उसे दुकान के पास बाथरूम करने से मना किया, जिससे दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पवन ने दुकन से कैंची लाकर सूरज लहरे के सिर पर हमला कर दिया। जिससे वह खून से लथपथ होकर गिर गया। सूचना पर परिजन मौके पर जाकर उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। पुलिस ने सूरज लहरे की रिपोर्ट पर हमलावर सेलून संचालक पवन श्रीवास को गिरफ्तार कर लिया है।

### विवाद होने पर पत्नी के गले में चाकू से हमला

**बिलासपुर।** बिरयानी सेंटर बंद कर घर लौटते समय रास्ते में विवाद होने पर पति ने पत्नी के गले पर चाकू से हमला कर दिया। घायल पत्नी को इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया है। पुलिस ने हमलावर पति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक विकास सेंगर ने बताया, अयोध्यानगर निवासी गीता बघेल पति संतोष बघेल 32 साल उसलापुर में बिरयानी सेंटर चलाते हैं। 7 मई की रात बिरयानी सेंटर बंद कर दोनों पति पत्नी गाड़ी से घर लौट रहे थे। रात 12.30 बजे रिंग रोड टू रायल बेकरी के पास पति पत्नी के बीच व्यक्तिगत बातों को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आक्रोश में आकर संतोष बघेल ने सब्जी काटने के चाकू से पत्नी के गले में हमला कर दिया, जिससे वह खून से लथपथ होकर गिर गई। घटना के बाद संतोष बघेल घायल पत्नी गीता को इलाज के लिए नेहरू नगर स्थित निजी हास्पिटल में भर्ती कराया है। पुलिस ने घायल महिला से पूछताछ करने के बाद उनकी रिपोर्ट पर हमलावर पति संतोष बघेल के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### 11 साल के बच्चे ने फांसी लगाई, अस्पताल में भर्ती

**बिलासपुर।** खमतराई क्षेत्र के रहने वाले 11 वर्षीय बालक ने परिजनों के द्वारा फोन नहीं देने की बात से नाराज होकर फांसी लगाने की कोशिश की है। जिससे गंभीर हालत में सिम्स में भर्ती किया गया है, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। सिम्स चौकी के अनुसार सरकंडा थाना क्षेत्र के खमतराई निवासी शौरी कश्यप पिता शरण कश्यप उम्र 11 वर्ष ने घर में हुई बातचीत के बाद फांसी लगा ली थी। परिजनों ने उसे बेहोशी की हालत में सिम्स में भर्ती कराया।

**24 घंटे बिजली सप्लाई देने का सरकारी सपना नहीं हो पा रहा साकार** | **लाइन में फाल्ट होने पर मेंटनेंस कार्य पूरा होने में लगता है घंटों का समय**

# कर्मचारी की कमी, इसलिए ठेकेदार के भरोसे बिजली विभाग, बंद से लोग त्रस्त

**बिलासपुर।** बिजली कंपनी जिले में मैनपावर की समस्या से जूझ रही है। रिटायरमेंट के बाद खाली पदों को नहीं भरे जाने से सिटी सर्किल में लाइनमेन, सहायक लाइनमेन, हेल्पर की कमी बनी हुई है। विभाग मेंटनेंस और मरम्मत के लिए ठेकेदार के कर्मचारियों के भरोसे ही है। वहीं ठेकेदारों के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है, जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है। यही कारण है कि चौबीस घंटे विद्युत सप्लाई देने का सरकारी सपना साकार नहीं हो पा रहा है। एक बार लाइन टूटती है या फाल्ट होता है तो मेंटनेंस का कार्य पूरा होने में घंटों का समय लग जाता है।

बिजली व्यवस्था ठेकेदारों के भरोसे है, विभाग में कर्मचारियों की कमी का बहना बना बिजली विभाग आउटसोर्सिंग से काम चला रहा है, लेकिन फ्यूज कॉल, मरम्मत और कॉल सेंटर का ठेका एक ही ठेकेदार को सौंप दिया गया है। नेहरू नगर डिवीजन के अंतर्गत नेहरू नगर, गोल बाजार, सरकंडा जोन में एक ही ठेकेदार को फ्यूज कॉल, मरम्मत और कॉल सेंटर का जिम्मा दिया गया है। ऐसे में ठेकेदार द्वारा काम नहीं करने के चलते क्षेत्र के उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतें झेलनी पड़ रही है, हालत यह है कि अधिकारी इस ठेकेदार को बचाने में लगे हैं। बिजली



नेहरू नगर सब स्टेशन में फ्यूज कॉल सेंटर से कर्मचारी गायब।

अधिकारियों को छोड़ दिया जाए तो कर्मचारियों का पूरा काम बिजली विभाग में आउटसोर्सिंग पर ही चल रहा है। कार्य की गुणवत्ता और जिम्मेदारी लगातार घटती जा रही है।

### सालों पुराने सेटअप, अब दायरा बढ़ा

बिजली विभाग 10 साल पुराने सेटअप पर काम चला रहा है, इसमें भी कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। शहरी क्षेत्र का इतना विस्तार हो गया है कि मैन पावर न के बराबर मालूम पड़ता है। बात सिर्फ शहरी क्षेत्र की करते हैं। यहां 25000 कनेक्शन हैं। सहायक अभियंता से लेकर कुशल श्रमिक के 90 पद स्वीकृत हैं। रिटायरमेंट तो हर साल हो रहे हैं लेकिन खाली होने वाले पदों को भरा नहीं जा रहा है। शासन ने तंगहाली के चलते भर्ती पर पूर्ण रूप से रोक लगा रखी है। वर्तमान में 105 सिर्फ कर्मचारी ही पदस्थ हैं इन्हीं में सहायक और जूनियर अभियंता 33 हैं। फील्ड में काम करने वाले अमले की कमी है। हालत यह है कि लाइन जोड़ने और फाल्ट ठीक करने के काम में भी घंटों का समय लग जाता है।

### आउटसोर्सिंग पर चल रहे कर्मचारी

कार्यालय में क्लर्क से लेकर सबस्टेशन में मशीन ऑपरेट कराने का काम भी आउटसोर्सिंग से कराया जा रहा है। ठेकेदार के कई कर्मचारी ट्रेंड न होने के कारण समस्या खड़ी रही हो रही है। बिलासपुर मैन पावर की कमी के चलते समस्या बनी रहती है। ठेकेदार द्वारा फ्यूज कॉल में 4 कर्मचारियों का गैंग रखा जाना है लेकिन इसमें भी कोताही बरती जा रही है।

### अधिकारियों से चर्चा की जाएगी

एक ही ठेकेदार को काम देने का मामला मेरी जानकारी में नहीं है। अधिकारियों से चर्चा की जाएगी लेकिन ठेकेदार के काम की मॉनिटरिंग की जा सकती है। जिससे उसके काम में हो रही लापरवाही पकड़ी जाए। अधिकारियों को इसके लिए निर्देशित किया जाएगा।

**-एके अम्बस्ट**, कार्यपालक निर्देशक, बिजली विभाग

### संविदा कर्मियों को किया जाए नियमित

विभाग सभी कामों को ठेकेदारों द्वारा करवाता है, कर्मचारियों की भर्ती तक नहीं की जा रही है, हमारी मांग है कि संविदा कर्मचारियों को तत्काल नियमित किया जाए और ठेकेदारी प्रथा बंद हो। ठेकेदार काम नहीं कर रहा है और अधिकारी उन्हें शह दे रहे हैं। जिसके चलते विभाग की व्यवस्था खराब है।

**-संतोष शर्मा**
अध्यक्ष, कर्मचारी संघ

**हाईकोर्ट में निगम ने की कार्ययोजना पेश, दावा कि गंदा पानी नदी में नहीं जाएगा**

# अरपा में गंदा पानी रोकने 103 करोड़ की योजना, सूडा करेगा प्रोजेक्ट का परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के रिहायशी क्षेत्रों से 70 नाले, नालियों का गंदा पानी अरपा नदी में पहुंचता है। निगम इसकी सफाई के लिए अरपा में 4 एसटीपी बना रहा है। निगम का दावा है कि मार्च 2026 तक चारों एसटीपी पूरे हो जाएंगे। इसमें 30 करोड़ की लागत से मंगला में 2 और कोनी व जवाली नाला पर 1-1 एसटीपी के निर्माण का कार्य अंतिम चरणों में है। अब इसके साथ ही निगम ने तीन और एसटीपी बनाने का फैसला लिया है। इसमें चिंगराजपारा में 40 एमएलडी का, तिलकनगर में 4 एमएलडी का और शनिचरी में 8 एमएलडी का एसटीपी बनाया जाएगा। इसके लिए 103 करोड़ रुपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। अनुमति मिलने के बाद टेंडर और वर्क आर्डर किया जाएगा।

- **चिंगराजपारा, तिलकनगर और शनिचरी में बनेंगे तीन और एसटीपी**

हाईकोर्ट में निगम की ओर से यह जानकारी दी गई है। इस पर राज्य शहरी विकास प्राधिकरण (सूडा) की ओर से कोर्ट में कहा गया कि निगम के इस प्रस्ताव का परीक्षण किया जाएगा। इसके लिए 6 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। यह टीम बिलासपुर पहुंचकर पूरे प्रोजेक्ट की जांच करेगी। इसके बाद ही राशि का आबंटन किया जाएगा। ध्यान रहे कि इस पूरे प्रोजेक्ट का डीपीआर पुणे की कंपनी ब्लू स्ट्रीम इंफ्रा जेवलपमेंट कंस्लटेंट ने बनााया है। देखा जाए तो हाईकोर्ट ने पहल न की होती तो अरपा को प्रदूषण से मुक्त कराने, नदी में 12 महीने जल का प्रवाह बनाए रखने के लिए बैराज, एनीकट के निर्माण और उद्गम स्थल की भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू नहीं होती। इसमें तेजी तो आई है लेकिन अभी भी इसके लिए जमीनी कार्यवाही तेज करनी होगी। फिलहाल तो करीब 4 करोड़ लीटर गंदा पानी रोज नदी में बह रहा है। शहर के नाले, नाली, सीवरेज प्रोजक्ट, कचरा, मलबा सब अरपा नदी में गिर रहे हैं।



### इस तरह फैल रही गंदगी

- नगर निगम जवाली नाले सहित 70 नाले, नालियों का पानी बिना ट्रीटमेंट के अरपा में बहा रहा है
- सीवरेज प्रोजेक्ट का गंदा पानी दोमुंहानी और चिल्हाटी स्थित ट्रीटमेंट प्लांट से नदी में प्रवाहित हो रहा
- कुदुदंड, कोनी, गोंड़पारा, जूना बिलासपुर, तोरवा आदि स्थानों पर नदी में कचरा, मलबे की डंपिंग की जा रही है
- निगम का नल जल विभाग प्रतिदिन 40 एमएलडी पानी शहरवासियों को सप्लाई करता है, इसका 90 फीसदी हिस्सा टायलेट से होकर अरपा में लौट जाता है

### अरपा की यह योजनाएं अधूरी

- अरपा के शिवघाट और पचरीघाट में पानी रोकने के लिए बैराज निर्माण का कार्य अपूर्ण
- बिलासपुर में शहर में नदी में पहुंचने वाले 70 नाले, नालियों के गंदे पानी के ट्रीटमेंट का लक्ष्य अधूरा

### चिल्हाटी और दोमुंहानी में भी सफाई नहीं

चिल्हाटी और दोमुंहानी स्थित दो एसटीपी से भी शत प्रतिशत गंदे पानी का उपचार नहीं हो पा रहा है। इसकी क्षमता 71 एमएलडी की है। इससे अरपा में नगर निगम एरिया में पहुंचने वाले करीब 70-80 फीसदी गंदे पानी की सफाई की जा सकेगी। हालांकि फिलहाल इनके चिल्हाटी स्थित 17 एमएलडी क्षमता के एसटीपी के जरिए 15.50 एमएलडी और 54 एमएलडी क्षमता वाले दोमुंहानी के प्लांट से मात्र 24 एमएलडी जल मल की सफाई की जा रही है। जाहिर है कि नालों के जरिए हर दिन नदी में पहुंचने वाला करोड़ों लीटर गंदा पानी अरपा को निरंतर प्रदूषित कर रहा है।

### 17 साल बाद भी सीवरेज अधूरा

यहां यह भी ध्यान रहे कि जल-मल की निकासी रोकने के लिए साल 2007-2008 में शुरू हुई सीवरेज परियोजना अपने लक्ष्य से अब तक कोसों दूर है। योजना के अंतर्गत 40 हजार घरों के जल-मल की सफाई होनी थी, पर अब तक निगम एरिया के करीब 20 फीसदी ही घरों को इससे जोड़ा जा सका है। निगम की ही मानें तो 17 साल बाद भी केवल 7693 हाउस कनेक्शन दिए जा सके हैं।

### रुके पानी का शुद्धिकरण बहुत जरूरी

अधिकारियों के मुताबिक प्रथम चरण में शिवघाट बैराज से पचरी घाट बैराज के बीच प्रवाहित नालों के दूषित जल की रोकथाम होगी। इसमें एनजीटी के नियमों के पालन का दावा भी किया जा रहा है। इसके माध्यम से गंदे पानी को साफ किया जाएगा। इन एसटीपी की क्षमता कितनी होगी और यह कितना पानी साफ कर पाएंगे इस पर सवाल है। दूसरी ओर शहरवासियों की आशंका इस बात कि है कि यदि नदी में जा रहे गंदे पानी को साफ करने की व्यवस्था समय पर नहीं हो सकी तो अरपा का पानी एक तरह से जहर हो जाएगा। दरअसल दोनों बैराज बनने के बाद अरपा में बारहों महीने पानी भरने की तो बात कही जा रही है, लेकिन रुके पानी का शुद्धिकरण नहीं हुआ तो यह और गंदा होता जाएगा।

**कहा- पत्नी ने मारा, मचा हड़कंप**

# खून से लथपथ बाइक चलाते थाने पहुंचा शराबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी थाने में उस समय हड़कंप मच गया जब व्यक्ति खून से लथपथ बाइक चलाते आया और टीआई कक्ष में जाकर कहा उसकी पत्नी ने बीयर के बाटल से हमला कर दिया। आनन फानन में उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। कुछ देर बाद उसकी पत्नी थाने पहुंचकर बताई कि उसे झूठे केस में फंसाने स्वयं बीयर बाटल तोड़कर पेट में मार लिया है। पुलिस जांच में जुट गई है।

- **मायके की संपत्ति का बंटवारा लेने बना रहा था दबाव**

गुरूवार की शाम 5.30 बजे अपने मस्तूरी टीआई अपने कक्ष में बैठकर काम कर रहे थे। वहीं थाना परिसर में पुलिसकर्मी व ग्रामीण खड़े हुए थे। इसी दौरान एक व्यक्ति खून से लथपथ बाइक चलाते थाने पहुंचा और बाइक खड़ी का टीआई कक्ष में जाकर कहने लगा उसकी पत्नी ने बीयर बाटल तोड़कर जानलेवा हमला कर दिया है साहब... बचा लो। उसे खून से लथपथ देख थाने में हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिसकर्मी उसे बैठाए और उसे इलाज के लिए सिम्स ले जाने गाड़ी की व्यवस्था करने लगे। इसी दौरान घायल की पत्नी मस्तूरी नेतानगर निवासी प्रतिभा पाटले रिश्तेदारों के साथ थाना आई। उसने बताई कि घायल व्यक्ति उनका पति अमरताल अकलतरा निवासी विपिन पाटले है और उसने उन्हें झूठे केस में फंसाने के लिए स्वयं बीयर बाटल तोड़कर अपने पेट में हमला कर लिया है। आनन फानन में पुलिस घायल व्यक्ति व रिश्तेदारों को गाड़ी बैठाकर बिलासपुर लेकर आए और इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



घायल।

### पत्नी ने कहा मायके से संपत्ति बंटवारा मांगने की मारपीट

घायल व्यक्ति की पत्नी ने थाने में टीआई को बताया कि वह मायके मस्तूरी में रह रही है। उसके पिता हवलदार थे और रिटायर्ड हो गए है। गुरूवार को उनका पति विपिन अत्याधिक शराब पीकर उनके घर आया और उन्हें अपने माता पिता से संपत्ति का बटवारा मांगने को कहा। मना करने पर उनके साथ मारपीट की। उसके उन्हें झूठा केस में फंसाने की बात कहते हुए बीयर बाटल तोड़कर स्वयं अपने पेट में हमला कर थाने आ गया है।

### खुद हमला किया

एक व्यक्ति घायल अवस्था में थाने आकर पत्नी के द्वारा बीयर बाटल से हमला करना बताया। कुछ देर बाद उसकी पत्नी थाने आकर बताई। उन्होंने मायके से संपत्ति बंटवारा मांगने से मना की तो उन्हें झूठा केस में फंसाने स्वयं बीयर बाटल से हमला लिया है। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

**-हरीशचंद्र टाण्डेकर**, मस्तूरी टीआई

# कोरबा से आए बाराती युवकों ने शराब दुकान में तोड़फोड़ कर मैनेजर का सिर फोड़ा, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोरबा से बारात आए युवकों ने जल्दी शराब नहीं देने के विवाद में शराब दुकान में घुसकर मैनेजर से मारपीट कर सिर फोड़ दिया। ग्रामीणों ने मारपीट कर रहे 3 युवकों को पकड़कर जमकर खातिरदारी के बाद पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने तीनों युवकों गिरफ्तार कर लिया है।

रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, 7 मई की रात ग्राम लखराम में कोरबा से बारात आई थी। रात 9.30 बजे कुछ बाराती शराब लेने के लिए लखराम शराब दुकान गए थे। जल्दी शराब देने की बात पर युवकों का मैनेजर संतोष कुमार



केंवट से विवाद हो गया। मैनेजर बाहर निकलकर समझाइस दिया तो युवक शांत होकर चले गए। कुछ देकर बाद उक्त युवक अन्य साथियों के साथ शराब दुकान पहुंचे और गाली गलौज करते हुए लात मारकर दरवाजा खोलकर शराब दुकान के अंदर घुस गए। युवकों ने दबंगई दिखाते हुए मैनेजर से मारपीट कर जमकर तोड़फोड़ किया गया है। शराब दुकान में तोड़फोड़ कर मैनेजर से मारपीट करते देख बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और गुण्डागर्दी करने वाले 3 युवकों को पकड़कर उनकी जमकर खातिरदारी की गई। उसके बाद डायल 112 को सूचना देकर पुलिस को सौंप दिया है।

पुलिस ने मैनेजर संतोष कुमार केंवट की रिपोर्ट पर हमलावर विकास चौहान पिता उदय चौहान 26 साल शांतिनगर बाल्को कोरबा, रोहित चौधरी पिता बारेलाल चौधरी 26 साल शांतिनगर बाल्को कोरबा, दीपक यादव पिता रामसेवक यादव 26 साल हाउसिंग बोर्ड कालोनी बाल्को कोरबा निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।

# पार्टी मनाने के बाद गाड़ी वालों को रोककर वसूली करने वाले 4 युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

देर रात पार्टी मनाने के बाद नशे में युवक राहगीर गाड़ीवालों को रोककर जबरिया पैसे की मांग कर उपद्रव मचाने लगे। डायल 112 के आने पर युवक भाग निकले, वहीं एक युवक पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर उसके 3 अन्य साथियों को पकड़ गया है। पुलिस ने चारों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

7 मई की रात 12.3 बजे सीपत क्षेत्र के ग्राम पोड़ी में युवक एकत्रित होकर पार्टी मनाते हुए शराबखोरी की। नशे में धूत होने के बाद युवक मुख्यमार्ग में उपद्रव मचाते हुए राहगीर गाड़ीवालों को रोककर जबरिया पैसे की मांग करने लगे। पैसा देने से मना करने पर गाड़ियों में तोड़फोड़ करने लगे। युवकों के उपद्रव से गाड़ीवालों में हड़कंप मच गया। एक कार वाले ने घटना की सूचना डायल 112 में दी। उसके बाद डायल 112 का आरक्षक मौके पर पहुंचा। पुलिस गाड़ी को देखकर उपद्रव मचाने वाले युवक भागने लगे।

आरक्षक व चालक ने दौड़ाकर एक युवक को पकड़कर सीपत पुलिस के हवाले कर दिया। सीपत पुलिस ने उक्त युवक के निशानदेही में उसने अन्य 3 साथियों को पकड़ लिया है। पकड़े गए युवकों में अनुराग यादव 21 साल पोड़ी, शुभम मानिकपुरी 21 पोड़ी, प्रियांशु साहू 22 साल पोड़ी, अभय साहू 22 साल उनी निवासी है। सीपट टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, सूचना देने वाले कार संचालक को रिपोर्ट लिखाने संपर्क किया। किन्तु वह रिपोर्ट लिखाने थाने नहीं आया।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# महिला ड्राइवर चलाएंगी जिला प्रशासन की गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला प्रशासन की गाड़ियों की स्टियरिंग जल्द ही महिला ड्राइवरों के हाथों में नज़र आएंगी। कलेक्टोरेट में होने वाली ड्रायवरों की भर्ती में तीन पद महिला ड्राईवरों के लिए भी आरक्षित हैं। बीते दिनों महिलाओं को कौशल परीक्षा के लिए बुलाया गया था, जिसमें उनसे सरकारी दफ्तरों में इस्तेमाल की जाने वाली गाड़ियों को चलवाकर ट्रायल लिया गया।

- **कलेक्टोरेट में जल्द होगी महिला ड्राईवरों की भर्ती**
- **जिले में पहली बार होगा नया प्रयोग**

शहर की विभिन्न सड़कों पर अब तक आपने महिलाओं को बैटरी रिक्शा चलाते देखा होगा, लेकिन बहुत जल्द महिलाओं के हाथों में जिला प्रशासन की गाड़ियों की स्टियरिंग भी आने वाली है। जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टोरेट में ड्रायवरों के 11 पदों पर भर्ती की जा रही है, जिनमें आठ पद पुरूषों के लिए व तीन पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। बीते दिनों महिला ड्राईवर पद के अभ्यर्थियों की कौशल परीक्षा भी आयोजित की गई थी।

हालांकि कौशल परीक्षा में अपेक्षित उम्मीदवार उपस्थित नहीं हो सके थे, जिससे इसे अभी प्रक्रिया में रखा गया है। कलेक्टोरेट में महिला ड्राईवर की नियुक्ति हो जाने के बाद यह पहला विभाग होगा जहां वाहन चालक महिलाएं होंगी।

### कौशल परीक्षा इसलिए जरूरी

जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के अनुसार वर्तमान परिस्थिति में ज्यादातर महिलाओं को चारपहिया वाहन चलाना आता है, लेकिन महिलाएं घरेलू व हल्की गाड़ियां चलाने की अभ्यस्त होती हैं। इसके विपरीत जिला प्रशासन द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली गाड़ियों में सुमो, बोलेरो व स्कार्पियो जैसी बड़ी गाड़ियां शामिल हैं। कभी-कभी इन वाहनों को आवश्यकतानुसार तेज भी चलाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में महिला ड्राईवरों की ईमानदारी से कौशल परीक्षा अति आवश्यक है।

### जल्द होगी नियुक्ति

महिला ड्राईवरों के तीन पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है। कौशल परीक्षा के पश्चात जल्द ही इनकी नियुक्ति की जाएगी।

**-आरए कुरूवंशी**, अतिरिक्त कलेक्टर

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ,
श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
18 मई, 04 जून, 16 अगस्त,
06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411